वर्ष : 27 | अंक : 128 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, मंगलवार, 29 अप्रैल, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8




# कश्मीर के पर्यटक स्थल बंद

## उमर सरकार ने 48 पर्यटक स्थलों को किया बंद, कश्मीर के हर जिले में सर्च अभियान

**कश्मीर ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद बड़ा फैसला लिया है। जम्मू-कश्मीर में खुफिया सूचना के बाद 87 में से 48 पर्यटन स्थल बंद कर दिए हैं। सुरक्षा एजेंसियों की सिफारिश पर उमर सरकार ने यह फैसला लिया है। उधर पाकिस्तानी सेना ने कुपवाड़ा और बारामूला में फिर सीज फायर का उल्लंघन किया है। भारतीय सेना ने भी पाकिस्तानी सेना को करारा जवाब दिया है। पाक सेना ने बॉर्डर पर हलचल तेज कर दी है। राजस्थान में जैसलमेर बॉर्डर पर पाक सेना ने 2500 सैनिकों की संख्या बढ़ा दी है और बॉर्डर पर अर्टिलरी गन और टैंक तैनात किए गए हैं। जम्मू-कश्मीर में आतंकियों की तलाश के लिए हर जिले में सेना द्वारा सर्च अभियान चलाया जा रहा है। जम्मू-कश्मीर में कई जगहों पर गहन आतंकवाद विरोधी अभियान चल रहे हैं। अभी तक कोई विशेष अपडेट साझा नहीं किया जा रहा है।

आतंकी हमलों की संभावना के बारे में खुफिया एजेंसियों की चेतावनी के बाद कश्मीर में 87 में से 48 पर्यटक स्थलों को बंद किया गया है। सूत्रों के अनुसार, पहलगाम हमले के बाद घाटी में कुछ स्लीपर सेल सक्रिय हो गए हैं, उन्हें गतिविधि शुरू करने के निर्देश दिए हैं। जिन पर्यटक स्थलों को बंद किया गया है उनमें गुलमर्ग, सोनमर्ग और डल लेक के इलाके शामिल हैं। (शेष पृष्ठ-3 पर)






### एनआईए की जांच तेज

कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले की जांच तेज हो गयी है। एनआईए ने नए वीडियो के आधार पर जिप लाइन ऑपरेटर और 100 से ज्यादा खच्चर वालों को पूछताछ के लिए बुलाया है। एनआईए ने आज पहलगाम में जिस जगह आतंकी हमला हुआ था वहां पहुंचकर हमले का रि-सीन क्रियेएट किया। सूत्रों के मुताबिक एनआईए इस मामले में तेजी के साथ जांच कर रही है और उसके हाथ कई अहम सुराग हाथ लगे हैं।

## कांग्रेस के 'गायब' पोस्ट पर बवाल

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद अपने विधायकों के विवादित




बयानों को लेकर घिरी कांग्रेस ने एक नई पोस्ट की है। कांग्रेस की इस पोस्ट के बाद बवाल मच गया है।

कांग्रेस ने एक्स पर एक तस्वीर के साथ पोस्ट में लिखा है कि जिम्मेदारी के समय गायब। बिना शरीर वाली तस्वीर में सिर वाली जगह पर गायब लिखा हुआ है। कांग्रेस की इस पोस्ट के बाद सियासी गलियारे में चर्चा का आलम है। हालांकि तस्वीर में किसी का नाम नहीं है, लेकिन इसे पीएम मोदी के सर्वदलीय बैठक में शामिल होने के मुद्दे से जोड़ा जा रहा है। वहीं भाजपा ने कांग्रेस की पोस्ट पर पलटवार किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सर्वदलीय बैठक में शामिल न होने पर कांग्रेस हमलावर है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकालर्जुन खरगे ने सोमवार को जयपुर में इसे लेकर पीएम मोदी पर निशाना साधा था।

### भाजपा का पलटवार

कांग्रेस की पोस्ट पर भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा नेता अमित मालवीय ने कहा कि कांग्रेस ने सर तन से जुदा की अपनी छवि का इस्तेमाल करके कोई संदेह नहीं छोड़ा है। यह महज एक राजनीतिक बयान नहीं है। यह मुस्लिम वोट बैंक को निशाना बनाने और प्रधानमंत्री के खिलाफ एक छिपी हुई उकसावेबाजी है। यह पहली बार नहीं है जब कांग्रेस ने इस तरह की रणनीति अपनाई है। राहुल गांधी ने कई मौकों पर प्रधानमंत्री के खिलाफ हिंसा को उकसाया है। फिर भी कांग्रेस कभी सफल नहीं होगी, क्योंकि प्रधानमंत्री को लाखों भारतीयों का प्यार और आशीर्वाद प्राप्त है।

उन्होंने कहा था कि देश का दुर्भाग्य है कि जब देश की शान पर हमला हुआ, (शेष पृष्ठ-3 पर)

## श्रीराम मंदिर के मुख्य शिखर पर ध्वज दंड स्थापित


**अयोध्या ( एजेंसी )।** रामनगरी श्री अयोध्या में मंगलवार (वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि) को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के



मुख्य शिखर पर ध्वज दण्ड स्थापित किया गया। ध्वज दण्ड की लम्बाई 42 फुट है, ध्वज दण्ड लगाने की प्रक्रिया सुबह 6 बजकर 30 मिनट प्रारंभ हुई, जो डेढ़ घंटे में आठ बजे पूर्ण हुई। यह जानकारी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने दी। इसके साथ ही शिखर और उसके कलश सहित मंदिर की कुल ऊंचाई अब 200 फीट से अधिक हो गई है।

## पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का X अकाउंट भारत में बंद

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा



मोहम्मद आसिफ का 'एक्स' अकाउंट भारत में प्रतिबंधित कर दिया गया है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद ख्वाजा लगातार जहर उगल रहे थे। वे भारत के खिलाफ भी अनरगल बयानबाजी कर रहे थे। ख्वाजा आसिफ ने भारत के सैन्य हमले के डर को भी कबूल किया था। आसिफ ने सोमवार को कहा था कि भारत की तरफ से हमला तय है और यह करीब है। भारत के हमले के खतरे को देखते हुए ख्वाजा आसिफ ने कहा था, 'हमने अपने सुरक्षाबलों को मजबूत करना शुरू कर दिया है, क्योंकि भारत की तरफ से हमला निश्चित है। इन हालात में कुछ कूटनीतिक फैसले लेने होंगे और यह फैसले लिए जा रहे हैं।'

### संयुक्त राष्ट्र में भी पाकिस्तान की क्लास

इस बीच भारत ने संयुक्त राष्ट्र में भी पाकिस्तान की जमकर क्लास लगाई। ख्वाजा ने हाल ही में आतंकवादियों को प्रशिक्षण देने और उन्हें धन मुहैया कराने की बात कबूल की थी। उन्होंने हाल ही में एक साक्षात्कार में स्वीकार किया था कि उनके मुल्क ने वर्षों से आतंकवाद का समर्थन किया। भारत ने इसे लेकर ही पड़ोसी मुल्क से कड़े सवाल किए और उसका वैश्विक मंच पर उसका नापाक चेहरा उजागर किया। संयुक्त राष्ट्र में भारत की उप स्थायी प्रतिनिधि राजदूत योजना पटेल ने कहा कि यह कबूलनामा चौंकाने वाला नहीं था। इसने पाकिस्तान को एक दुष्ट देश के रूप में उजागर किया है। ऐक ऐसा मुल्क, जो वैश्विक आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है।

## रायबरेली पहुंचे राहुल गांधी, विशाखा फैक्टरी में प्लांट व चार्जिंग स्टेशन का किया उद्घाटन



**रायबरेली ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली से सांसद राहुल गांधी के दौरे से पहले राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। सांसद राहुल गांधी मंगलवार को दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे हैं। यहां कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। राहुल का लखनऊ एयरपोर्ट पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने (शेष पृष्ठ-3 पर)

## दिल्ली-एनसीआर में लूटपाट करने वाले बदमाशों से मुठभेड़

**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** थाना कौशाम्बी पुलिस टीम ने दिल्ली-एनसीआर में



चेन व मोबाइल लूटने वाले बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है।

थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कौशांबी पुलिस सैक्टर 2/5 की पुलिया पर इन्दिरापुरम की ओर से आने वाले वाहनों की चेकिंग कर रही थी तभी इन्दिरापुरम की ओर से आ रही एक काले रंग की बिना नम्बर प्लेट की मोटर साइकिल पर सवार दो व्यक्ति को चेकिंग के लिए रोकने का इशारा किया तो एकदम से ब्रेक लगाकर (शेष पृष्ठ-3 पर)

## कार हटाने को लेकर बवाल, चले लाठी-डंडे

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में कार हटाने को




कहने पर बड़ा बवाल हो गया। नया बांस मोहल्ला निवासी दीपक कुमार ने बताया कि उनके घर के आगे पड़ोसियों ने कार खड़ी कर दी थी। जब उन्होंने कार हटाने के लिए कहा तो पड़ोसियों ने गाली-गलौच शुरू कर दी। इसके बाद आरोपियों ने दीपक के घर में घुसकर डंडों से हमला कर दिया।

इस हमले में दीपक समेत कई लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज पास के अस्पताल में चल रहा है। पूरी घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## तीन भाईयों में खूनी संघर्ष, मझले की हत्या कर बिटोरे में फूंका

**आगरा ( एजेंसी )।** आगरा के थाना फतेहपुर सीकरी में तीन



भाइयों के बीच खूनी संघर्ष हुआ है। इस संघर्ष में मझले भाई की हत्या कर दी गई। इसके बाद परिवार के लोगों ने उसका अंतिम संस्कार करने की जगह बर्बरता की हदों को पार कर दिया। (शेष -3 पर)

## प्राधिकरण के चार दर्जन अधिकारी सीबीआई के रडार पर!

**स्पोर्ट्स सिटी घोटाला**

**नोएडा ( चेतना मंच )।** तकरीबन 9 हजार करोड़ रूपये के घोटाले से जुड़े स्पोर्ट्स सिटी मामले में अब सीबीआई नोएडा प्राधिकरण के चार दर्जन अधिकारियों से पूछताछ करेगा। ये सभी अधिकारियों ने इस प्रकरण से जुड़ी फाइलों में अपनी नोटिंग व टिप्पणी की है। सीबीआई इस मामले से जुड़ी 44 फाइलें जांच के लिए ले गई है।



ये आवंटन 2010-11 से लेकर 2015-16 के बीच के है। इस दौरान इन फाइलों पर करीब 50 अधिकारियों के साइन हुए थे। जिन अधिकारियों के साइन हुए उन सभी नोटिस भेजने की तैयारी सीबीआई कर रही है। इन सभी से पूछताछ की जा सकती है। बता दें इससे पहले सीबीआई नोएडा प्राधिकरण में स्पोर्टस सिटी आवंटन और नितियों से वाकिफ हो चुकी है।

इलाहाबाद हाइकोर्ट के आदेश पर नोएडा स्पोर्ट्स सिटी घोटाले में सीबीआई और ईडी को जांच सौंपी गई है। इस मामले में सीबीआई ने तीन एफआईआर दर्ज की है। पहली एफ आई आर लॉजिक्स इंफ्रा डेवेलपर्स प्राइवेट लिमिटेड और दूसरी लोटस ग्रीन कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड और तीसरी एफआईआर जनायडु स्टेट पर की गई है। (शेष पृष्ठ-3 पर)


### प्राधिकरण कर रहा कानूनी सलाहकार का चयन

नोएडा स्पोर्टस सिटी मामले लीगल एक्शन के लिए प्राधिकरण एक कानूनी सलाहकार का चयन कर रहा है। ये लीगल एक्सपर्ट उच्च न्यायालय में विभिन्न रिट याचिकाओ में 24 फरवरी 2025 के आदेशों का पालन सुनिश्चित कराने और स्पोर्टस सिटी के विभिन्न प्रकरण में समय बद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने का काम करेगी। सीईओ लोकेश एम ने बताया कि हम जल्द ही एक लीगल एक्पर्ट का चयन करेंगे। बता दे स्पोर्टस सिटी से संबंधित बिल्डरों ने हाइकोर्ट के आदेश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में भी रिट फाइल की है। इसलिए यदि कोर्ट इस मामले से संबंधित कोई भी जवाब प्राधिकरण से मांगता है तो समय से ही इसे फाइल किया जा सके। वहीं स्पोर्टस सिटी से संबंधित सभी फाइल सीबीआई को भेजी जा चुकी है। फाइलों से संबंधित जवाब देने के लिए ओएसडी स्तर के एक अधिकारी को नोडल बनाया गया है। वही अधिकारी ही सीबीआई से इंट्रेक्ट होते है और जवाब भी दे रहे है।

## हैमर पाइलिंग से सेक्टर-51 के कई मकानों में दरार, लोगों में दहशत

### आइकिया कंपनी करा रही है निर्माण कार्य

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-51 में आइकिया कंपनी द्वारा किए जा



रहे निर्माण के लिए हैमर पाइलिंग के कारण सेक्टर-51 के कई मकानों में दरार बढ़ चुकी है। भारी कंपन तथा शोर के कारण सेक्टर के बुजुर्ग, बीमार व बच्चे भी परेशान हैं।

सेक्टर-51 आरडब्ल्यूए के महासचिव संजीव कुमार ने 25 अप्रैल को नोएडा प्राधिकरण में इसकी लिखित शिकायत की है, लेकिन अभी तक प्राधिकरण ने कोई कार्रवाई नहीं की है। संजीव कुमार ने बताया कि हैमर पाइलिंग से इतनी तेज आवाज तथा कंपन हो रहा है कि मानो लगता है कि भूकंप आ गया है। जिसके कारण मकान में दरारें आ रही हैं। (शेष पृष्ठ-3 पर)

ADMISSION OPEN
SARASWATI GLOBAL SCHOOL
NCERT BOOKS
(Buy NCERT Books from any stationary shop)
Sector 22 Noida
Mob.8750611103

## पाक का गंदा खेल

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने रहस्योद्घाटन किया है कि पाकिस्तान पिछले तीन दशकों से अमरीका, ब्रिटेन और पश्चिमी देशों के लिए आतंकवाद जैसा 'गंदा धंधा' कर रहा था। हमने आतंकियों को पालने-पोसने, टेऊनिंग देने और पैसा देने का काम किया है। जाहिर है कि पाकिस्तान में आतंकी संगठन सक्रिय रहे हैं। हमने बहुत बड़ी गलती की है, जिसका खामियाजा हमने भुगता है। हमने सोवियत संघ के खिलाफ 1980 और 90 के दशक में और फिर न्यूयॉर्क में 9/11 आतंकी हमले के बाद अमरीका का सहयोग नहीं किया होता, तो आज हमारा 'टैऊक रिकार्ड' (आतंकवाद के मामले में) कहीं बेहतर होता! पाक रक्षा मंत्री ने आरोप लगाया है कि अफगानिस्तान में अमरीका ने सोवियत संघ के खिलाफ जंग में आतंकियों को खुलकर समर्थन दिया था।' बहरहाल सोवियत संघ का अस्तित्व खत्म हो चुका है। अमरीकी सेनाओं के अफगानिस्तान को छोड़ कर गए कई साल गुजर चुके। जो तालिबान वैश्विक पटल पर 'आतंकवादी' थे, वे आज अफगानिस्तान में हुकूमत कर रहे हैं, लेकिन आज अफगानिस्तान पाकिस्तान को 'नंबर 1 दुश्मन' मानता है और सरहद पर लड़ाई जारी है। वैसे तो पाकिस्तान के रक्षा मंत्री की कीमत दो टके की है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके कबूलनामे को मान्यता दी जाएगी। उन्होंने अमरीका के 'स्काई टीवी' के एक लाइव शो में यह कबूला है कि पाकिस्तान आतंकियों का मुल्क है। बहरहाल पाकिस्तान के मौजूदा हालात के मद्देनजर यह 'नंगई वाला बयान' है। अफगानिस्तान में लड़ने के बाद पाकिस्तान के आतंकियों और उनके आकाओं को एहसास हुआ कि वे भारत के खिलाफ जेहाद का इस्तेमाल कर सकते हैं, लिहाजा 90 के दशक से वर्ष 2000 तक दुनिया में जहां भी आतंकी हमले हुए, वहां पाकिस्तान की मौजूदगी और उसके सबूत पाए गए। भारत में भी जेहाद की आड़ में पाकपरस्त आतंकवाद और कश्मीर में अलगाववाद 90 के दशक में ही पनपे और फैलते गए। पाकिस्तान में आतंकियों को जेहादी ही नहीं, मुल्क के नायक और स्वतंत्रता सेनानी तक माना जाता रहा है। जिन आतंकियों ने कश्मीर के पहलगाम में नरसंहार किया था, पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इसहाक डार उन्हें भी 'स्वतंत्रता सेनानी' मान रहे हैं। फिर वह संभावना जताने लगते हैं। चूंकि पाकिस्तान 'फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स' (फाट्फ) को लिखित आश्वासन दे चुका है कि उनके मुल्क में आतंकी मौजूद नहीं हैं और न ही हुकूमत आतंकी संगठनों को पैसा और पनाह देती है। पहलगाम नरसंहार के बाद पाकिस्तान में जो खलबली मची है, लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मुहम्मद सरीखे आतंकी संगठनों के मुख्यालयों में स्थित मस्जिदें और मदरसे खाली कराए गए हैं। करीब 200 एकड़ में फैले लश्कर के मदरसों में पढ़ने वाले करीब 2000 छात्र और मौलवी-मौलाना वहां से चले गए हैं। आतंकियों और छात्रों-मौलानाओं को सुरक्षित जगहों पर भेजा गया है। पाकिस्तान में ऐसा किस खौफ और संभावित हमले के मद्देनजर किया गया है? खबर तो यह भी है कि लश्कर के सरगना हाफिज सईद को एबटाबाद के 'आईएसआई सेफ हाउस' में रखा गया है। इसी इलाके में अलकायदा का सरगना ओसामा बिन लादेन छिपा था, जहां अमरीका के कमांडो सैनिकों ने उसे ढेर किया था। बहरहाल भारत ऐसी सूचनाओं और साक्ष्यों के आधार पर फाट्फ में, पाकिस्तान के खिलाफ शिकायत दर्ज कर सकता है और पाकिस्तान को 'ग्रे लिस्ट' में डालने का आग्रह कर सकता है। यदि फाट्फ ने पाकिस्तान पर कोई निर्णायक कार्रवाई की, तो दुनिया में उसे भीख तक नहीं मिल सकती। आईएमएफ और विश्व बैंक के कर्ज़ मिलना तो बहुत दूर की कौड़ी है। पहलगाम नरसंहार के बाद प्रशासन ने स्थानीय 6 आतंकियों के घर नेस्तनाबूद कर दिए हैं, उन्हें मलबा या राख कर दिया गया है। करीब 175 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है और 14 स्थानीय आतंकियों की सचित्र सूची जारी की गई है। हम उन्हें ही 'जयचंद' करार दे रहे हैं। वे सभी पाकिस्तान के आतंकी संगठनों से जुड़े रहे हैं। एजेंसियों ने 64 'जयचंदों' के घरों में छापे भी मारे हैं। बेशक भारत-पाकिस्तान के बीच 'युद्ध' की स्थितियां बन चुकी हैं। इनकी नियति अभी तय होनी है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि आपके चरणों में मेरी वैसी ही प्रीति हो जैसी पुत्र के लिए पिता की होती है, चाहे मुझे कोई बड़ा भारी मूर्ख ही क्यों न कहे। जैसे मणि के बिना साँप और जल के बिना मछली (नहीं रह सकती), वैसे ही मेरा जीवन आपके अधीन रहे (आपके बिना न रह सके)॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**अस बरु मागि चरन गहि रहेऊ। एवमस्तु करुनानिधि कहेऊ॥**
**अब तुम्ह मम अनुसासन मानी। बसहु जाइ सुरपति रजधानी॥**
ऐसा वर माँगकर राजा भगवान के चरण पकड़े रह गए। तब दया के निधान भगवान ने कहा- ऐसा ही हो। अब तुम मेरी आज्ञा मानकर देवराज इन्द्र की राजधानी (अमरावती) में जाकर वास करो॥
**तहँ करि भोग बिसाल तात गएँ कछु काल पुनि।**
**होइहहु अवध भुआल तब मैं होब तुम्हार सुत॥**
हे तात! वहाँ (स्वर्ग के) बहुत से भोग भोगकर, कुछ काल बीत जाने पर, तुम अवध के राजा होंगे। तब मैं तुम्हारा पुत्र होऊँगा॥
**इच्छामय नरबेष सँवारें। होइहउँ प्रगट निकेत तुम्हारें॥**
**अंसन्ह सहित देह धरि ताता। करिहउँ चरित भगत सुखदाता॥**
इच्छानिर्मित मनुष्य रूप सजकर मैं तुम्हारे घर प्रकट होऊँगा। हे तात! मैं अपने अंशों सहित देह धारण करके भक्तों को सुख देने वाले चरित्र करूँगा॥ (क्रमशः...)

# जब द्विराष्ट्र सिद्धांत पर पाकिस्तान अटल, तो भारत ढुलमुल क्यों और कब तक हिन्दू चुकाएंगे इसकी कीमत!

जब द्विराष्ट्र सिद्धांत पर 1947 में भारत विभाजन अधिनियम द्वारा भारत से पाकिस्तान को दो हिस्सों में अलग कर दिया गया, तब भारत के सुप्रीम कोर्ट ने इसका विरोध क्यों नहीं किया, यक्ष प्रश्न है! वहीं, जब भारत के तत्कालीन क्षुद्र राजनेताओं ने हिन्दू राष्ट्र की जगह धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र का गठन किया, तब भी सुप्रीम कोर्ट ने इस सवाल क्यों नहीं उठाया, यह दूसरा ज्वलंत प्रश्न है।.....और आज जब भारत में मुसलमानों द्वारा पुनः हिंदुओं को जगह-जगह प्रताड़ित किया जा रहा है, लक्षित सांप्रदायिक दंगे किये जा रहे हैं जिससे 1947 के पूर्व की विभाजनकारी परिस्थितियों की यादें तरोताजा हो जाती हैं और भारत के राजनेता इस पर अपनी-अपनी सियासी रोटियां सेंक रहे हैं, जिससे भारतीय प्रशासन भी किंकर्तव्यविमूढ़ बना रहता है, तो ऐसे में सुप्रीम कोर्ट स्वतः संज्ञान नहीं लेकर न्यायपूर्ण दिशा निर्देश क्यों नहीं दे रहा है, यह तीसरा सुलगता हुआ सवाल है।

दरअसल, यह बात मैं इसलिए उठा रहा हूँ कि सुप्रीम कोर्ट ने एक निर्णय दिया है कि भारत के धर्मनिरपेक्ष स्वरूप को भारतीय संसद भी नहीं बदल सकती है। क्योंकि भारतीय संविधान की यही मूल भावना है। लेकिन जब हमारी तत्कालीन संसद ने मूर्खतापूर्ण निर्णय लिए, और उसी ने भारतीय संविधान में भी 'हिन्दू विरोधी कानून' जड़ दिए, तब इसमें तल्ख इतिहास और सुलगते हुए वर्तमान के दृष्टिगत सुप्रीम कोर्ट से न्यायसंगत और दूरदर्शिता पूर्ण हस्तक्षेप की उम्मीद नहीं की जाए तो फिर किससे की जाए, यह भी एक यक्ष प्रश्न है। ऐसा इसलिए कि हमारी संसद में हिन्दू नहीं बल्कि दलित, ओबीसी, सवर्ण और अल्पसंख्यक नेता बैठे हैं। पिछले लगभग 8 दशकों के इनके फैसलों से यह जाहिर हो रहा है कि 'हिन्दू भारत' के अस्तित्व को खास धर्म के आधार पर पाकिस्तान, पूर्वी पाकिस्तान यानी बंगलादेश, चीन आदि देशों के द्वारा वैमनस्यता पूर्ण चुनौती दी जा रही है, कभी आतंकवाद, कभी नक्सलवाद, कभी संगठित अपराध और तस्करी के माध्यम से भारतीयों को अशांत बनाया जा रहा है, लेकिन इन सबके खिलाफ इनके ठोस नीतिगत निर्णय कभी नहीं आए, जिससे हिंदुओं का भविष्य अपने ही देश में अधर में लटक चुका है। लिहाजा भारतीय कार्यपालिका की विफलता के बाद सर्वोच्च न्यायपालिका से स्वतः संज्ञान लेकर स्थिति को बदलने की अपेक्षा यदि नहीं की जाए, तो फिर किससे की जाए, सुलगता हुआ सवाल है।

वह भी तब, जब पाकिस्तानी जनरल और नेता बात-बात में कौम की बात करके भारत के मुसलमानों को भड़काने की कोशिश करते आए हों। वहीं भारत के कतिपय मुसलमान भी खुलेआम पाकिस्तानियों, बंगलादेशियों और आतंकियों के यशोगान पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई की शह पर कर रहे हों, जैसा कि मीडिया रिपोर्ट्स से पता चलता है। ऐसे में इन देशद्रोहियों के खिलाफ स्पष्ट कानून का अभाव भी हिंदुओं को खटकता रहता है। देश में बढ़ती आतंकवादी घटनाएं, नक्सली घटनाएं और अंडरवर्ल्ड के संगठित अपराध और तस्करी की घटनाएं हिंदुओं की इस चिंता को और भी इसलिए बढ़ाती हैं, क्योंकि इन सबकी कमान पाकिस्तान में बैठे अंडरवर्ल्ड सरगना दाऊद इब्राहिम जैसे खूंखार लोगों के हाथों में है। पुलवामा के बाद पहलगाम आतंकी हिंसा की कहानी बिना कुछ कहे सब कुछ बता जाती है।

दरअसल, पाकिस्तान के स्वप्नद्रष्टा और निर्माता कायदे आजम मुहम्मद अली जिन्ना का 'द्विराष्ट्र सिद्धांत' यह था कि भारतीय मुसलमान और हिंदू दो अलग-अलग राष्ट्र हैं, जिनके अलग-अलग धर्म, संस्कृति, रीति-रिवाज और जीवन शैली हैं। यह सिद्धांत 1940 में मुस्लिम लीग के लाहौर अधिवेशन में जिन्ना द्वारा प्रस्तुत किया गया था, और इसे ही भारत के विभाजन और पाकिस्तान के निर्माण का आधार बनाया गया। क्योंकि द्विराष्ट्रवाद के सिद्धांत की अवधारणा के अनुसार, हिंदू और मुसलमान दो अलग-अलग राष्ट्र हैं और उन्हें अलग-अलग देशों में रहने की आवश्यकता है। तब जिन्ना ने तर्क दिया कि भारत में मुसलमानों को हिंदुओं के साथ मिलकर रहने में कठिनाई होगी, क्योंकि उनके धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों में बहुत अंतर है।

उल्लेखनीय है कि द्विराष्ट्र सिद्धांत का उदय 1930 के दशक में हुआ, जब भारत में मुस्लिम लीग ने एक अलग मुस्लिम राष्ट्र की मांग करना शुरू कर दिया। तब जिन्ना और मुस्लिम लीग के



**इस नए आतंकी हमले से क्षुब्ध भारत ने सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को रोकने की घोषणा की, जिसके बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी से मुलाकात की और नहर परियोजना को रोकने पर सहमति जताई।**

अन्य नेताओं ने तर्क दिया कि भारत में मुसलमानों को हिंदुओं के साथ मिलकर एक राष्ट्र में रहने में कठिनाई होगी क्योंकि वे दो अलग-अलग राष्ट्र हैं। लिहाजा, द्विराष्ट्र सिद्धांत ने भारत के विभाजन और पाकिस्तान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1947 में, भारत को दो देशों में विभाजित किया गया, जिसे आज भारत और पाकिस्तान कहा जाता है। तब पाकिस्तान एक ऐसा देश था जो विशेष रूप से मुसलमानों के लिए बनाया गया था।

हालांकि, द्विराष्ट्र सिद्धांत की आलोचना की गई है, क्योंकि कुछ लोगों का मानना है कि यह धार्मिक विभाजन का एक साधन था जो भारत के विभाजन का कारण बना। कुछ लोगों का मानना है कि द्विराष्ट्र सिद्धांत ने भारत में धार्मिक तनाव और संघर्ष को भी बढ़ावा दिया। क्योंकि द्विराष्ट्र सिद्धांत एक विवादास्पद सिद्धांत है जिसने भारत के विभाजन और पाकिस्तान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह सिद्धांत भारत में धार्मिक और सांस्कृतिक विभाजन का एक प्रतीक है, और यह आज भी भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव का एक कारण है। ऐसे में भारत को हिन्दू राष्ट्र का दर्जा दिया जाना बदलते हुए वक्त की मांग है और इस दिशा में बरती गई कोई भी लापरवाही भारतीय संविधान, विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका और मीडिया का मौलिक चरित्र एक झटके में बदल देगी, क्योंकि यहां दिन प्रतिदिन मजबूत होता जा रहा मुस्लिम समाज जब बहुसंख्यक होकर प्रभुत्व में आ जाएगा तो फिर पाकिस्तान और बंगलादेश की तरह सरिया कानून यहां भी थोपा जाएगा। ऐसे में भारत के नेतृत्व को तत्काल आवश्यक कदम उठाने होंगे और यह कार्य बिना सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के असंभव है, क्योंकि हमारे राजनेता दूरदर्शी नहीं बल्कि क्षुद्र स्वभाव के हैं और अपना क्षणिक लाभ ही देखते आए हैं, क्योंकि इनकी सत्ता का स्वभाव भी क्षणिक यानी पांच-पांच साल के टुकड़ों में है।

अभी हाल ही में पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने कहा था कि 'हिंदू और मुसलमान दो अलग-अलग राष्ट्र हैं, एक नहीं। जीवन के सभी पहलुओं में मुसलमान हिंदुओं से अलग हैं। क्योंकि दो-राष्ट्र सिद्धांत इस बुनियादी मान्यता पर आधारित था कि मुसलमान और हिंदू दो अलग-अलग राष्ट्र हैं, एक नहीं। मुसलमान जीवन के सभी पहलुओं- धर्म, रीति-रिवाज, परंपरा, सोच और आकांक्षाओं में हिंदुओं से अलग हैं। दरअसल, वह खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत के काकुल इलाके में पाकिस्तान सैन्य अकादमी में कैडेटों की पासिंग आउट परेड को संबोधित कर रहे थे। तब जनरल मुनीर ने कहा कि पाकिस्तान कई बलिदानों के बाद हासिल हुआ था और इसे सुरक्षित रखना सशस्त्र बलों का कर्तव्य है। हमारे पूर्वजों ने पाकिस्तान के निर्माण के लिए बहुत बड़ी कुर्बानियां दी हैं। हम जानते हैं कि इसकी रक्षा कैसे करनी है।

मसलन, यह पहली बार नहीं है जब मुनीर ने 'दो-राष्ट्र' सिद्धांत पर जोर दिया है। बल्कि इससे पहले 16 अप्रैल 2025 को इस्लामाबाद में प्रवासी पाकिस्तानियों के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुनीर ने दावा किया था कि हिंदू और मुसलमान अलग-अलग राष्ट्र हैं और उन्होंने दर्शकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को पाकिस्तान के निर्माण की कहानी बताएं। उन्होंने पाकिस्तान के संस्थापक एम.ए. जिन्ना द्वारा प्रचारित 'द्वि-राष्ट्र' सिद्धांत का हवाला देते हुए कहा, 'आपको अपने बच्चों को पाकिस्तान की कहानी बतानी होगी ताकि वे यह न भूलें कि हमारे पूर्वज सोचते थे कि हम जीवन के हर संभव पहलू में हिंदुओं से अलग हैं। हमारे धर्म अलग हैं, हमारे रीति-रिवाज अलग हैं, हमारी परंपराएं अलग हैं, हमारे विचार अलग हैं, हमारी महत्वाकांक्षाएं अलग हैं। यहीं पर दो-राष्ट्र सिद्धांत की नींव रखी गई थी। हम दो राष्ट्र हैं, हम एक राष्ट्र नहीं हैं।'

इससे पहले, इसी संबोधन में कश्मीर के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा था कि हमारा रुख बहुत स्पष्ट है, यह हमारी गले की नस थी, यह हमारी गले की नस रहेगी, और हम इसे नहीं भूलेंगे। हम अपने कश्मीरी भाइयों को उनके वीरतापूर्ण संघर्ष में नहीं छोड़ेंगे। इस बीच, 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा सिंधु जल संधि पर रोक लगाने के बाद पाकिस्तान सरकार ने नहर परियोजना को रोकने का फैसला किया। दरअसल मुनीर का यह बयान जम्मू एवं कश्मीर के पहलगाम जिले में 22 अप्रैल को हुए घातक आतंकवादी हमले के कुछ दिन पहले यानी 16 अप्रैल को और बाद में 25 अप्रैल को भी आया है। इसलिए उनका यह बयान भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव का एक कारण बन चुका है। क्योंकि इस हमले में 26 नागरिक मारे गए थे, जिनमें अधिकतर हिन्दू पर्यटक थे। हैरत की बात है कि उनके हिन्दू धर्म की शिनाख्त करने के बाद उनकी नृशंस हत्या की गई थी और मोदी को संदेश देने की बात आतंकियों ने उनकी विधवाओं को कही थी।

इस नए आतंकी हमले से क्षुब्ध भारत ने सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को रोकने की घोषणा की, जिसके बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी से मुलाकात की और नहर परियोजना को रोकने पर सहमति जताई। एक समाचार एजेंसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि वे इस बात पर भी सहमत हुए कि विवादास्पद नहर परियोजना तब तक स्थगित रहेगी जब तक कि कॉमन इंटरेस्ट्स काउंसिल (सीसीआई) में इस मुद्दे पर आम सहमति नहीं बन जाती। सीसीआई प्रांतों के बीच विवादों से निपटने के लिए एक उच्चस्तरीय अंतर-प्रांतीय निकाय है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पहलगाम में हुए घातक आतंकवादी हमले के मद्देनजर भारत द्वारा सिंधु जल संधि को स्थगित रखने के निर्णय के बाद पाकिस्तान सरकार ने महत्वाकांक्षी चोलिस्तान नहर परियोजना को रोकने का निर्णय लिया है। बता दें कि सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर और पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने पंजाब प्रांत के रेगिस्तानी क्षेत्र की सिंचाई के लिए फरवरी में चोलिस्तान परियोजना का उद्घाटन किया था।

वहीं, जो लोग बोलते थे कि सिंधु नदी का पानी रोकने में भारत को 30 साल लगेंगे, तो उनकी बात सही निकली। इसलिए उनके सुझाव को मानते हुए भारत ने रुका हुआ पानी ही छोड़ दिया। क्योंकि सरकार ने 'नीति' बदल ली है और तय किया है कि पाकिस्तान को बाढ़ और सूखे दोनों से मारेंगे। यही वजह है कि भारत ने झेलम का पानी बिना नोटिफिकेशन के छोड़ दिया है, जिससे पाकिस्तान का मुजफ्फराबाद और चाकोटी इलाके डूब गए हैं। इससे उत्साहित भारत के लोग टिप्पणी कर रहे हैं कि इनको तब तक मारो, जब तक ये तौबा न कर लें। याद रहे कि आतंकवाद पाकिस्तान-'पापीस्तान' की विदेशनीति का हिस्सा है। जब तक दुनिया के सामने वह लिखकर इस नीति को खत्म करने का वादा न कर ले, तब तक उसे पीटो। क्योंकि जब सारे रास्ते बंद हो जाएं तो यही एकमात्र तरीका है दुष्टों को सुधारने का। अब तो उसके रक्षा मंत्री ने भी आतंकियों को पालने-पोशने की बात स्वीकार कर ली है।

ऐसे में सुलगता हुआ सवाल है कि जब द्विराष्ट्र सिद्धांत पर पाकिस्तान अटल है और मुस्लिम राष्ट्र बन चुका है तो फिर भारत द्विराष्ट्र सिद्धांत को कबूल करने के बावजूद हिन्दू राष्ट्र बनने को लेकर ढुलमुल क्यों है, क्योंकि वह जिस धर्मनिरपेक्षता की राह पर चलने को बार बार अपनी प्रतिबद्धता जताता है, उसकी असली कीमत तो हिन्दू समुदाय चुका रहा है। एक ओर मुसलमान पाकिस्तान लेने के बावजूद भारत में रहकर 'और कितने पाकिस्तान' बनाने की पृष्ठभूमि तैयार कर रहे हैं, जिसको पाकिस्तानी और बंगलादेशी प्रशासन शह दे रहा है। वहीं, भारत के राजनेता और उनके द्वारा बनाया हुआ संविधान धर्मनिरपेक्षता की बात तो करता है, लेकिन जातिनिरपेक्ष हिन्दू समाज बनाने में उनकी कोई दिलचस्पी नहीं है, क्योंकि इससे उनका वोटबैंक बाधित होगा।

इस नजरिए से देखा जाए तो भारत के राजनेताओं ने शुरू से %देशद्रोह% जैसा कार्य किया है। पहले भारत को धर्म के नाम पर बांटा और फिर उसके हिन्दू राष्ट्र बनने में रोड़े अटकाए। वहीं, न्यायालय ने भी भारतीय संविधान को आधार बनाकर हिन्दू राष्ट्र बनाने की परवर्ती कोशिशों की हवा निकाल दी। सवाल है कि भारतीय संविधान के निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर ने संविधान द्वारा भारत में जातिव्यवस्था को मजबूत करने और हिंदुओं को कमजोर करने के कुछ ही वर्षों के भीतर हिन्दू धर्म क्यों छोड़ा और बौद्ध क्यों बन गए? क्या उनकी नीयत में शुरू से ही कोई खोंट थी। दूसरा, महत्वपूर्ण सवाल यह है कि गैर हिन्दू धर्म में शादी रचाने वाली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने संविधान संशोधन करवाकर इसमें जबर्दस्ती पंथनिरपेक्षता/धर्मनिरपेक्षता को क्यों जगह दी? तब सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर हस्तक्षेप क्यों नहीं किया, यक्ष प्रश्न है।

जानकार बताते हैं कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू, बाद के कद्दावर प्रधानमंत्रियों यानी इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, पीवी नरसिम्हा राव आदि ने, मोरारजी देसाई, वीपी सिंह, एचडी देवगौड़ा जैसे गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्रियों ने अल्पसंख्यक वोट बैंक के लिहाज से भारत के धर्मनिरपेक्ष स्वरूप को तो बनाए रखा, लेकिन रणनीतिक हिन्दू विरोधी सांप्रदायिक दंगों और अपराधों को काबू में नहीं करके शांतिप्रिय हिन्दुओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया। इससे आज देश में गृहयुद्ध की नौबत कभी भी पैदा हो सकती है।

राजनीतिक मामलों के जानकार बताते हैं कि इससे क्षुब्ध हिंदुओं ने सारे धर्मनिरपेक्ष सियासी गद्दारों से अपना हिसाब किताब चुकता कर लिया और अटलबिहारी बाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी ने नेतृत्व में भाजपा को मजबूत किया। इससे पहले भाजपा को लोकसभा और राज्यसभा में नेता, प्रतिपक्ष बनने का मौका मिला और अटलबिहारी बाजपेयी भाजपा नीत एनडीए गठबंधन के तीन बार प्रधानमंत्री बने। पहले 13 दिन के लिए, दूसरी बार 13 माह के लिए और तीसरी बार 5 साल के लिए। कहा जाता है कि बड़े उम्मीद के साथ हिंदुओं ने आरएसएस समर्थित भारतीय जनता पार्टी को यानी 2 सीटों वाली पार्टी को पहले सबसे बड़ा दल बनवाया। जिसके बाद एनडीए सरकार बनी। इसने भी हिंदुओं के भविष्य से गेम किया, उसके बाद बाजपेयी जैसे दो मुंहे राजनेता को फिर पीएम बनने का मौका हिंदुओं ने नहीं दिया। ततपश्चात मनमोहन सरकार के हिन्दू विरोधी कार्यों से हिंदुओं ने मोदी सरकार को स्पष्ट बहुमत दिया। 2014 और 2019 में स्पष्ट बहुमत के बावजूद जब बाजपेयी जैसी दोमुंहीं भाषा पीएम नरेंद्र मोदी भी बोलने लगे, तो 2024 में हिंदुओं ने इनकी भी बैशाखी सरकार बनवा दी। अब भी इस सरकार के होश ठिकाने में नहीं हैं। हिन्दू राष्ट्र बनाने के जन उम्मीदों पर यह सरकार भी खरी नहीं उतर पा रही है। क्रमशः......

(शेष अगले अंक में.... )

# राशिफल

**वैशाख शुक्ल पक्ष द्वितीया** — **(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
अज्ञात भय सताएगा। सर दर्द, नेत्र पीड़ा संभव है। सर दर्द और नेत्र पीड़ा के कारण मन व्याकुल रहेगा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
आय में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। मन अस्थिर रहेगा। यात्रा में कष्ट संभव है। बाकी प्रेम, संतान, व्यापार सही रहेगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
व्यावसायिक उतार-चढ़ाव बना रहेगा। कोर्ट-कचहरी में हार का सामना करना पड़ सकता है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
भाग्य में भरोसा करके कोई काम नहीं कर सकते हैं। थोड़ा सा बदनामी या अपयश मिल सकता है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। कोई रिस्क न लें। चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
जीवनसाथी के साथ और स्वास्थ्य पर ध्यान रखें। नौकरी-चाकरी की स्थिति मध्यम रहेगी।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
डिस्टर्बिंग टाइम लेकिन जीत आपकी सुनिश्चित है। कार्यों में अवरोध आएगा लेकिन संपन्न हो जाएगा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
मानसिक दबाव बना रहेगा। अवसादग्रस्त स्थिति रहेगी। महत्वपूर्ण निर्णय अभी रोक दें। बच्चों की सेहत पर ध्यान दें

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
गृह कलह के संकेत हैं। कुछ बड़ी कलह हो सकती है। ध्यान रखिएगा। शांत होकर चीजों को निपटाएं।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
पराक्रम अभी बहुत रिजल्ट नहीं देगा। नाक, कान, गला की परेशानी हो सकती है। प्रेम, संतान अच्छा है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
पूंजी का निवेश न करें। जुआ, सट्टा, लॉटरी में पैसा न लगाएं। धन हानि के संकेत हैं। मुख रोग के शिकार हो सकते हैं।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
नकारात्मक ऊर्जा का शिकार चल रहा है इस समय। प्रेम और संतान में नकारात्मकता फैली रहेगी।

# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जीएम एके सिंह ने किया सेक्टर पी–4 का दौरा



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जीएम ए के सिंह ने सीनियर मैनेजर नागेन्द्र सिंह असिस्टेंट मैनेजर डी पी श्रीवास्तव टेक्नीशियन पंकज सिंह के साथ ग्रेटर नोएडा के सेक्टर पी – 4 का दौरा किया।

सेक्टर निवासी एवं किसान मज़दूर संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण नागर ने कहा की सेक्टर के अंदर आवारा कुत्तों का आतंक है, सैक्टर में नालियां टूटी पड़ी हैं, पार्कों में डस्टबिन एवं कुर्सियां लगाये जाए सेक्टर के बाहर बना नाला टूटा पड़ा है जिसमें आए दिन आवारा पशु गिरते रहते हैं, मच्छरों के प्रकोप को देखते हुए फॉगिंग की व्यवस्था को बढ़ाया जाए। इन सभी समस्याओं से जीएम को अवगत कराया है। उन्हें समस्याओं से संबंधित पत्र भी सौंपा है।

उन्होंने तत्काल सीनियर मैनेजर को आदेश दिया है की सभी समस्याओं का निस्तारण एक सप्ताह के अंदर कर दिया जाय।

संबंधित सभी विभागों को आदेश जारी कर दिये गए है जल्द ही सभी समस्याओं का निस्तारण होगा। लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों और ठेकेदारों के खिलाफ़ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इस मौक़े पर श्याम चौधरी गजेंद्र भाटी रूपेश वर्मा ललित भाटी सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## आतंकियों को खिलाफ हो सख्त कार्रवाई : अमरेश श्रीवास्तव

**नोएडा ( चेतना मंच )।** पहलगाम हमले के आरोपी आतंकियों को खिलाफ सख्त से सख्त



कार्रवाई सरकार को करनी चाहिए। इस घटना की जितनी निंदा की जाए वह काम है। यह बात नोएडा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रहे एवं लोग जनशक्ति पार्टी उत्तर प्रदेश व्यापार सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरेश श्रीवास्तव ने एक बातचीत के दौरान कही है।

उन्होंने कहा कि धर्म पूछ कर जिस तरह से आतंकवादियों ने लोगों की हत्या की है उसे कभी भारत के लोग भूल नहीं सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश आतंकवादियों के खिलाफ एकजुट होकर उन्हें खत्म करने का संकल्प ले चुका है। उन्होंने कहा कि आतंकवादी अब किसी कीमत पर बचना नहीं चाहिए। श्रीवास्तव ने कहा कि आज पूरा देश ही नहीं पूरा विश्व आतंक वादियों के खिलाफ जुट होकर खड़ा हुआ है।

## सेक्टर-70 आरडब्ल्यूए ने निकाला कैंडिल मार्च



**नोएडा ( चेतना मंच )।** जम्मू कश्मीर के पहलगांव में हुए आतंकी हमले के विरोध में नोएडा सेक्टर–70 नारी शक्ति ने मोमबत्तियां जलाकर सेक्टर में कैंडल मार्च किया।

सेक्टर 70 की आरडब्ल्यूए से अध्यक्ष अमित चौहान व जंटर सिंह, महासचिव प्रमोद यादव व लोकपाल यादव, उपाध्यक्ष बब्बर सिंह व गौरव भाटी नंबरदार, कोषाध्यक्ष सतीश चंद्र कंचन, सचिव मनोज शर्मा, सदस्य संदीप गर्ग, भारतीय किसान परिषद से सुखबीर खलीफा व ऊदल यादव के साथ सेक्टरवासी सरबजीत सिंह, प्रशांत त्यागी, अनिल शर्मा, जितेंद्र भारद्वाज, बृजमोहन सिंह, मन्नू कुमार, दीपक राम, मुन्नालाल, साधुराम गुप्ता, और अन्य सेक्टरवासी भी कैंडल मार्च में मौजूद रहे। सुखवीर खलीफा ने बताया कि इस आतंकी हमले से कितने ही बच्चे अनाथ हो गए कितनी ही बहने विधवा हो गई कितने ही मां–बाप का बुढ़ापे का सहारा छिन गया। इस दर्दनाक घटना से पूरे देश की आंखें भर आई हैं। कैंडल मार्च गेट नंबर 4 से शुरू होकर बड़े पार्क में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मोन कर इसका समापन हुआ।

# साहूकार म्यूजिक के नए गीत 'जीजा जी' की शूटिंग सम्पन्न

**नोएडा ( चेतना मंच )।** हरियाणा फ़िल्म इंडस्ट्री की जानी मानी कंपनी साहूकार म्यूज़कि ने दिल्ली के खेड़ा कलाँ



स्थित एक फार्म हाउस में अपने नए गीत 'जीजा जी' की शूटिंग सम्पन्न की। मुख्य किरदार में जानी मानी हरियाणवी अभिनेत्री सोनिका सिंह नज़र आयेंगी जिनके साथ मुख्य किरदार में ही ठाकुर प्रदीप कुमार ने अपने अभिनय के जलवे बिखेरे। बतौर मुख्य कलाकार ठाकुर प्रदीप कुमार का यह पहला म्यूज़कि वीडियो है। शूटिंग के दौरान कहीं भी यह महसूस नहीं हुआ की यह कलाकार पहली बार अभिनय की कसौटी पर कसा जा रहा है।

हरियाणवी अदाकारा ने भी इस गीत के विडियो में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गीत को लिखा है आदरणीय रागिनी गायक आज़ाद सिंह खांडा खेडी जी ने। यह गीत वास्तव में एक हरियाणवी रागनी का आधुनिक रूप है जिसे आजाद जी ने कलमबद्ध किया है। संगीतकार गौरव पांचाल के निर्देशन में पायल बर्मन की मधुर आवाज में GR Music में यह गीत रिकॉर्ड किया गया है। निर्माता निर्देशक बी0 एल0 अग्रवाल के निर्देशन में कैमरे के पीछे जाने माने विडियोग्राफ़र मोहित मलिक ने मोर्चा सँभाला और विशिष्ट अतिथि के तौर पर Hi Fi Digital के मालिक विकास सिंगरोहा जी से भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ। जैसा की सब जानते हैं Hi Fi Digital कंपनी हरियाणवी, हिंदी, भोजपुरी एवं अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के गीतों के लिये डिजिटल प्लेटफार्म एवं प्रमोशन उपलब्ध करवाती है। हरियाणा, उत्तर प्रदेश एवं बिहार की सभी बड़ी म्यूज़कि कंपनी अपने गीतों का लोकार्पण इन्हीं के माध्यम से करवाती हैं।

# पहलगाम में दिवंगत लोगों को माकपा ने दी श्रद्धांजलि




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी जिला कमेटी गौतमबुध नगर कमेटी ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों के हमले में मृतक लोगों की स्मृति में आज सेक्टर– 8, नोएडा पर शोकसभा कर 28 पर्यटकों/ लोगों की बब्बर हत्या की कड़ी निंदा किया। सीपीआई(एम) ने हमले में मारे गए निर्दोष लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए हमले में गंभीर रूप से घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना किया।

माकपा जिला सचिव रामसागर ने कहा कि इस जघन्य अपराध के दोषियों को यथाशीघ्र पकड़ा जाना चाहिए।

माकपा जिला प्रभारी गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि पिछले दिनों पहलगाम में जो सांप्रदायिक हत्या की गई है वह एकदम धर्म विरोधी और अमानवीय घटनाएं हैं, उक्त का किसी भी तरह से समर्थन नहीं किया जा सकता। वह दुर्दांत घटना थी उसका धर्म से कुछ लेना देना नहीं था बल्कि वह धर्म विरोधी, सांप्रदायिक, आतंकवादी और नफरत को बढ़ाने वाली घटनाएं हैं। इन घटनाओं को भविष्य में रोकने के लिए यह जरूरी है कि इन दुर्दांत आतंकवादियों के खिलाफ तुरंत कानूनी कार्रवाई की जाए, मृतकों को बीस बीस लाख रुपए दिए जाएं और उनके घर वालों को सरकारी नौकरी दी जाए और पूरी दुनिया के अंदर भारत सरकार और विपक्षी दल मिलकर एक सूत्रीय प्रोग्राम बनाएं और इन आतंकवादी और सांप्रदायिक ताकतों का पूरे दुनिया के लेवल पर जाकर विरोध करें, इनका भंडाफोड़ करें और भारत की जनता आतंकवादियों की नफरत फैलाने की मुहिम का हिस्सा ना बने, इनसे सावधान रहे और आपस में आपसी भाईचारा और सांप्रदायिक सद्भाव बनाकर रखने की सभी से अपील किया।

## पृष्ठ एक के शेष....

**कश्मीर के पर्यटक.....**

बुलाया जाए संसद का विशेष सत्र

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पहलगाम आतंकी हमले को लेकर पूरे देश में दहशत का माहौल है। इस बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर आतंकी हमले पर चर्चा करने का अनुरोध किया। साथ ही पत्र में संसद का विशेष सत्र बुलाने का अनुरोध किया गया है।

पिछले हफ्ते हुए आतंकी हमले के बाद से विपक्ष के कई सांसदों ने सरकार से ऐसी मांग की है। प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में आगे कहा गया, 'इस समय में एकता और एकजुटता जरूरी है, इस महत्वपूर्ण समय में भारत को यह दिखाना होगा कि हम आतंकवाद के खिलाफ हमेशा एकजुट हैं।'

**भाजपा का पलटवार....**

तब प्रधानमंत्री बिहार में चुनावी भाषण दे रहे थे। सभी दलों के नेता बैठक में आए, लेकिन प्रधानमंत्री नहीं आए। क्या बिहार दूर था? उन्हें आना चाहिए था और योजना के बारे में बताना चाहिए था कि उन्हें हमसे किस तरह की मदद चाहिए।

अब मंगलवार को कांग्रेस ने एक्स पर एक बिना सिर वाली तस्वीर पोस्ट की। इसमें लिखा गया कि जिम्मेदारी के समय गायब। पोस्ट में शामिल तस्वीर में बिना सिर वाला शरीर दिखाया गया है। इसमें सिर वाली जगह गायब लिखा हुआ है। इसे लेकर सियासी गलियारे में बवाल मच गया है।

**प्राधिकरण के चार दर्जन.....**

तीनों पर 2011 से 2017 तक बिल्डरों, कंसोर्टियम, और नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ मिलकर कथित तौर पर घर खरीदारों के पैसे हड़पने का आरोप है।

इस एफआईआर के बाद करीब 10 से ज्यादा बार सीबीआई प्राधिकरण आ चुकी है। यहां से दस्तावेज ले जा चुकी है। इसके अलावा फिजिकल दौरा भी किया गया। ऐसे में अब तक जनाडु इस्टेट प्राइवेट लिमिटेड (कंसोंटियम) सेक्टर–78, 79 ओर 101, लॉजिक्स इंफ्रा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड एससी–01/150 और लोट्स ग्रीन्स कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड (कंसोंटियम) एससी–02/150 के आवंटन से संबंधित 44 फाइल ले जा चुकी है। इन फाइलों को खंगाला जा रहा है।

**रायबरेली पहुंचे राहुल गांधी.....**

पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने विशाखा फैक्टरी में दो मेगावॉट एटम सोलर रूफ प्लांट एवं एटम इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन किया। इसके बाद केंद्रीय योजनाओं की हकीकत परखेंगे। बचत भवन में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रण समिति (दिशा) की बैठक में बतौर सभापति शामिल होंगे।

जानकारी के मुताबिक दिशा की बैठक पांच नवंबर 2024 को हुई थी। पिछली बैठक में उठाए गए कई मामलों का निस्तारण नहीं हुआ है। सांसद राहुल गांधी पिछली बैठक में उठे मामलों के निस्तारण की समीक्षा करेंगे। इसके बाद वे जिले में संचालित केंद्रीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे। बैठक में अमेठी के सांसद केएल शर्मा भी शामिल रहेंगे।

राहुल गांधी मंगलवार सुबह करीब 9.30 बजे बछरावां के कुंदनगंज स्थित विशाखा फैक्टरी पहुंचे। यहां दो मेगावॉट एटम सोलर रूफ प्लांट एवं एटम इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन किया। यहां से शहर के सिविल लाइन स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा का अनावरण भी किया। इसके बाद सुबह 11 बजे बचत भवन में दिशा की बैठक में शामिल हुए। दोपहर 3 बजे रेल कोच फैक्टरी लालगंज का भ्रमण करेंगे। शाम 4.30 बजे विधानसभा सरेनी के बूथ अध्यक्षों के साथ मुराईबाग डलमऊ में बैठक करेंगे। शाम 6.30 बजे भुएमऊ गेस्ट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे।

**दिल्ली–एनसीआर में ....**

मोटर साइकिल को बांये मोड़कर नीचे कच्चे रास्ते से एलेवेटिड के नीचे यूपीगेट पुल की तरफ भागने लगे। पुलिस वालों ने मोटर साइकिल का पीछा किया और रोकने का प्रयास किया तो मोटर साइकिल आगे ऊबड–खाबड रास्ता होने के कारण पत्थरों से टकरा कर पीलर नं आरएपी नम्बर 14 के पास फिसल कर गिर गई और दोनों बदमाश पिलर की आड़ में भागकर छिप गये।

बदमाशों द्वारा पुलिस पार्टी की तरफ फायर किया गया। पुलिस टीम की जवाबी कार्यवाही में एक बदमाश के बाएं पैर में गोली लगी। जबकि दूसरे बदमाश ने भागने का प्रयास किया तो पुलिस ने उसे पकड़ लिया। गिरफ्तार किए बदमाशों की पहचान रामा और श्यामा के रूप में हुई है।

पुलिस पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि दोनों मिलकर दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में जगह–जगह मोटर साइकिल/स्कूटी बदल–बदल कर चैन व मोबाइल फोन लूट की घटना करते हैं। दोनों अभियुक्त श्यामा और रामा ने मिलकर 18 अप्रैल को शॉप्रिक्श मॉल के पास सुबह के समय कुत्ते को टहलाते हुए व्यक्ति से एक चेन छीनी थी जो चेन श्यामा से बरामद की है यह वही चैन है तथा दोनों अभियुक्त दिनेश उर्फ राहुल उर्फ मोनू पुत्र राजेश निवासी दौलतपुरा गाजियाबाद के साथ मिलकर भी चैन व फोन छीनते हैं ।

**कार हटाने को लेकर....**

वीडियो में आरोपी डंडों से पीटते हुए साफ नजर आ रहे हैं। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि शिकायत करने पर आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी है। पीड़ित पक्ष ने करीब छह लोगों के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज कराई है।

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। दनकौर थाना पुलिस ने चार लोगों पर मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बाकी दो आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। पुलिस का कहना है कि आगे की कानूनी कार्रवाई तेजी से की जा रही है।

**हैमर पाइलिंग से ....**

सेक्टर के कई सीनियर सिटीजन का कहना है कि यदि भयंकर कंपन हुआ शोर जारी रहा तो कईयों को हार्ट अटैक होने की भी आशंका है। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अनिल प्रकाश रनोत्रा, महासचिव संजीव कुमार, उपाध्यक्ष पवन कुमार आदि ने बताया कि उन्होंने नोएडा प्राधिकरण को पत्र लिखकर इसकी शिकायत 25 अप्रैल को की थी जिसमें कहा गया था कि हैमर पाइलिंग से सेक्टर–51 के ई ब्लॉक में मकान नंबर–1 से लेकर 45 तक के कुछ मकानों में दरार आ गई है। इन मकानों के मालिक आरडब्ल्यूए से अपनी शिकायत दर्ज करा रहे हैं लेकिन अभी तक नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल–3 के अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रहा है। जिससे सेक्टर में है दहशत का माहौल व्याप्त है।

**तीन भाईयों में...**

उसकी लाश को ले जाकर गांव के बाहर बिटोरे में फेंक दिया। इसके बाद बिटोरे को आग लगा दी। आग की लपटों के साथ लाश जल गई। इस घटना के बाद गांव में भारी तनाव है। मौके पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद हैं।

फतेहपुर सीकरी के ग्राम दुल्हारा में सोमवार रात नेहनू, रणवीर और मनोज पुत्रगण हरिभान सिंह में विवाद हो गया। इस विवाद में लाठी–डंडे और धारदार हथियार चले। झगड़े में मझले भाई रणवीर की मौत हो गई। परिवार वालों ने युवक की मौत के बाद शव को गांव के बाहर लगे बिटोरे में रखकर फूंक दिया।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार–पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी–85 सेक्टर–6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए–131 सेक्टर–83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक–रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in

www.chetnamanch.com

# परिवहन आयुक्त का क्षेत्रवासियों ने किया स्वागत

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश के परिवहन आयुक्त बीएन सिंह का गांव चिटहेरा में पंडित पीतांबर



शर्मा के आवास पर स्वागत किया। सभी ने अपने–अपने अनुभव से ट्रांसपोर्ट से संबंधित समस्याओं को उनके सामने रखा। आरटीओ ऑफिस में होने वाली समस्याओं के बारे में भी चर्चा हुई।

इस अवसर पर बीएन सिंह ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया और कहा कि यह कोई मीटिंग नहीं है यह आपसी पारिवारिक बैठक है जिसमें हम एक साथ बैठकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

बैठक में वीरेंद्र सिंह के अलावा ब्राह्मण सभा के प्रदेश अध्यक्ष पीतांबर शर्मा मौजूद थे। उनके साथ अनुज वेदराम शर्मा, अशोक शर्मा, विपुल गौड, कपिल गौड, हर्षित गौड राजपूत महासभा के अध्यक्ष ठाकुर सुधीर सिंह, प्रदीप सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र खटाना, गुर्जर विद्या सभा के पूर्व अध्यक्ष राधाचरण भाटी, एडवोकेट रामवीर शर्मा, ज्ञानचंद शर्मा, मुकेश सिसोदिया, सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य रामदास शर्मा, रामवीर शर्मा, प्रदेश सचिव ब्राह्मण सभा बुलंदशहर डॉ. वंदना वशिष्ठ, प्रदेश सचिव हापुड़, उमेश शर्मा, महामंत्री मास्टर रामकुमार शर्मा , कोषाध्यक्ष अनिल शर्मा, गाजियाबाद से अमित भारद्वाज व गौरव शर्मा उपस्थित रहे।



## देश में वैल्यू ऐडिशन बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा स्वीकृत की जाने वाली यह सबसे महत्वपूर्ण योजना है: चौधरी

मुंबई, एजेंसी। डॉ. अजय चौधरी, एचसीएल के संस्थापक, ऐपिक फाउंडेशन के अध्यक्ष ने कहा कि मैं पैसिव कम्पोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम की घोषणा का स्वागत करता हूँ। वित्त वर्ष 26 से वित्त वर्ष 32 तक 6 वर्षों की अवधि के लिए 22,919 करोड़ के स्वीकृत परिव्यय के साथ, यह योजना इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग के लिए वैश्विक केंद्र बनने की दिशा में भारत के विकास पथ में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। सरकार शुरू से ही सही दिशा में आगे बढ़ रही है, उसने सेमीकंडक्टर मिशन की घोषणा की है, जो देश के लिए ऐक्टिव कम्पोनेंट और सेमीकंडक्टर चिप्स बनाएगा। इससे पहले, सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग के लिए एक प्रमुख पीएलआई कार्यक्रम की भी घोषणा की थी, जिसके परिणामस्वरूप इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है और भारत में रोजगार और यहां से होने वाला निर्यात भी बढ़ा है। इसके बाद, यह देश में वैल्यू ऐडिशन बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा स्वीकृत की जाने वाली सबसे महत्वपूर्ण योजना है। और यह कुछ ऐसा है जिसके होने का मैंने दशकों से इंतजार किया है। यह बहुत अहम है क्योंकि कदम दर कदम, सरकार ने हर उस पहलू पर काम किया है जिसकी उद्योग को जरूरत थी। और यह इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को आगे बढ़ाने के लिए एक बड़ा कदम है।

यह पहल भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण हो सकता है, जो देश को वैश्विक बाजार में एक मजबूत खिलाड़ी के रूप में स्थापित करेगा।

## सरकार की पहल: नौकरी के लिए नहीं छोड़ना पड़ेगा घर

नई दिल्ली, एजेंसी। कोरोना महामारी के दौरान पहली बार घर से काम करने के कल्चर से लोग रूबरू हुए। उसी तर्ज अब केंद्र सरकार 'अपने गृह नगर में नौकरी' के नए विचार पर काम कर रही है। अगर यह पहल सफल रही तो पहली बार नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को अब अपने मूल स्थान को छोड़कर दूसरे शहरों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय एक ऐसा सिस्टम विकसित कर रहा है, जिसमें नौकरी चाहने वालों को स्थान, क्षेत्र, नियोक्ता, वेतनमान, आवश्यक कौशल और अन्य विशेषताओं के आधार पर नौकरियों को फिल्टर करने के विकल्प




मिलेंगे। मंत्रालय पीएम गति शक्ति पोर्टल पर नौकरी के आंकड़ों की मैपिंग कर रहा है। मंत्रालय का राष्ट्रीय करिअर सेवा (एनसीएस) पोर्टल नियोक्ताओं और नौकरी चाहने वालों को जोड़ने वाले डिजिटल बाजार के रूप में कार्य करता है, जो बाजार में नौकरी की मांग और आपूर्ति को प्रभावी ढंग से संरेखित करता है। मंत्रालय एनसीएस जॉब डाटा को पीएम गतिशक्ति प्लेटफॉर्म के साथ एकीकृत करने पर सक्रिय रूप से काम कर रहा है। जम्मू-कश्मीर और गुजरात ने पहले ही इस दिशा में प्रगति कर ली है।

**41 लाख नियोक्ता इस प्लेटफॉर्म से जुड़े-** करीब 41 लाख नियोक्ता इस प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत हैं। जबकि, एक करोड़ से अधिक संभावित नौकरी चाहने वालों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

**40 किलोमीटर के दायर में नौकरी-** पीएम गति शक्ति को एनसीएस पोर्टल के साथ एकीकृत करके रोजगार अवसरों को जियो-टैग किया जा सकता है। एक समर्पित मोबाइल एप युवाओं को 20-40 किलोमीटर के दायरे में आसपास के रोजगार के अवसरों की खोज करने में सक्षम बनाएगा।

**सीमित कौशल वालों को मिलेगा लाभ-** यह विशेष रूप से नौकरी चाहने वालों, सीमित कौशल वाले लोगों को लाभान्वित करेगा, जो अब तक अत्यधिक रोजगार योग्य नहीं हैं, जिससे उन्हें अपने समुदायों में रहते हुए कमाई करने का अवसर मिलेगा।

गोल्डमैन सैक्स ने

# बल्क डील में खरीदे वोडाफोन आइडिया के करोड़ों के शेयर




मुंबई, एजेंसी। शेयर बाजार खुलते ही वोडाफोन आइडिया के शेयर में सुबह ही तेजी दिखी। ऐसा इसलिए, क्योंकि गोल्डमैन सैक्स (सिंगापुर) पीटीई ने कंपनी में लगभग 0.55 प्रतिशतहिस्सेदारी खरीदी है। यह हिस्सेदारी उन्होंने बल्क डील के जरिए खरीदी है।

**कितने के खरीदे शेयर-** गोल्डमैन सैक्स ने 457.96 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे हैं। बताया जाता है कि यह एक बड़े सौदे का हिस्सा है। इस सौदे में नोकिया सॉल्यूशंस एंड नेटवर्क्स इंडिया ने वीआई में अपनी 0.95 प्रतिशतहिस्सेदारी बेची। इससे उन्हें 785.67 करोड़ रुपये मिले। हस्थ के आंकड़ों के अनुसार, नोकिया सॉल्यूशंस एंड नेटवर्क्स इंडिया ने वीआई के 102.7 करोड़ शेयर बेचे। उन्होंने ये शेयर 7.65 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से बेचे। गोल्डमैन सैक्स मुख्य खरीदारों में से एक था। लेकिन, बाकी खरीदारों के बारे में जानकारी अभी नहीं मिली है।

### नोकिया को घाटा हुआ

पिछले साल, वीआई ने नोकिया को 102.7 करोड़ इक्विटी शेयर दिए थे। ये शेयर 14.80 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से दिए गए थे। यह एक खास डील थी। इससे वीआई को लगभग 1,520 करोड़ रुपये का बकाया चुकाने में मदद मिली थी। नोकिया की भारतीय इकाई के पास वीआई में 1.47 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। उल्लखनीय है कि सरकार ने हाल ही में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है। इस महीने की शुरुआत में, सरकार ने वोडाफोन आइडिया के बकाया स्पेक्ट्रम शुल्क को इक्विटी में बदल दिया था। यह राशि 36,950 करोड़ रुपये थी। इससे सरकार की हिस्सेदारी 22.6 प्रतिशतसे बढ़कर लगभग 49 प्रतिशतहो गई है। इस बल्क डील के बाद वोडाफोन आइडिया में नोकिया की हिस्सेदारी घटकर लगभग 0.95 प्रतिशतहो गई है।

### वोडाफोन आइडिया के शेयर पर क्या असर

पिछले सप्ताह बीएसई में वीआई के शेयर 7.47 रुपये पर बंद हुए थे। थोड़ी ही देर में यह चढ़ कर 7.58 रुपये पर चला गया। सुबह 9.53 बजे यह 7.49 रुपये पर ट्रेड कर रहा था जो कि कल के बंद भाव के मुकाबले 0.27 फीसदी अधिक है।

## 10 साल बाद भारी भरकम मुनाफा बांटेगी कंपनी

नई दिल्ली, एजेंसी। ओरेकल फाइनेंशियल सर्विसेज सॉफ्टवेयर लिमिटेड के शेयर सोमवार को कारोबार के दौरान फोकस में हैं। कंपनी के शेयर आज 2 प्रतिशततक चढ़कर 8771.55 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक ऐलान है। दरअसल, कंपनी ने डिविडेंड की घोषणा की है। कंपनी के बोर्ड मेंबर ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 5 फेस वैल्यू के प्रत्येक इक्विटी शेयर पर 265 के अंतरिम डिविडेंड को मंजूरी दी। इसके लिए रिकॉर्ड तिथि 8 मई तय की गई है। शेयरधारकों को डिविडेंड का भुगतान 17 मई, 2025 तक किया जाएगा। बता दें कि यह कंपनी का पिछले दस सालों में अब तक का सबसे अधिक डिविडेंड है। इससे पहले कंपनी ने साल 2014 में 485 रुपये का डिविडेंड दिया था।

**क्या है डिटेल-** रेकल फाइनेंशियल सर्विसेज ने 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही और साल के लिए अपने वित्तीय नतीजे जारी कर दी है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में बड़ा मार्जिन और प्रॉफिट दर्ज किया। जबकि कंपनी की टॉपलाइन सपाट रही, मार्जिन 300 आधार अंकों से बढ़कर 44.6 प्रतिशतहो गया। लाभ 18-19 प्रतिशतबढ़ा। ओरेकल फाइनेंशियल सर्विसेज सॉफ्टवेयर के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी मकरंद पडलकर ने कहा, हमने पूरे वर्ष के लिए 44 प्रतिशतके ऑपरेटिंग मार्जिन के साथ मजबूत आपरेशनल परफॉर्मेंस बनाए रखा, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 180 आधार अंकों का सुधार है।

## सप्लाई ठप होने से ड्राई फ्रूट्स के दाम बढ़े, पहलगाम हमले के बाद अटारी-वाघा बॉर्डर बंद, दिखने लगा असर



नई दिल्ली, एजेंसी। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की तरफ से अमृतसर में अटारी-वाघा बॉर्डर को बंद कर दिया गया है। बॉर्डर बंद होने से भारत और अफगानिस्तान के व्यापार में भी असर पड़ने लगा है। आलम यह है कि बीते चार दिनों से अफगानिस्तान से आने वाले ड्राई फ्रूट्स की सप्लाई ठप हो गई है। जिसका असर बाजारों में दिख रहा है। कारोबारियों के मुताबिक, अफगानिस्तान से सप्लाई ठप होने से ड्राई फ्रूट्स के दाम में 10 से 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कारोबारियों का दावा है आने वाले एक महीने तक अगर यही हालत रहे तो ड्राई फ्रूट्स के दाम आसमान छू सकते हैं।

खारी बावली में अफगानिस्तान, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ईरान, दक्षिण अफ्रीका समेत कई देश से ड्राई फ्रूट्स की सप्लाई होती है। एक कारोबारी ने बताया कि बीते कुछ दिनों से अफगानिस्तान से ड्राई फ्रूट्स की सप्लाई ठप है। जिससे बाजार में खलबली मच गई है। इंटरनेशनल फ्रूट्स एंड नट्स ऑर्गनाइजेशन के डायरेक्टर रविंद्र मेहता ने बताया कि पहलगाम की घटना बहुत ही दुखद है। सरकार ने हमले के बाद से अमृतसर में अटारी-वाघा बॉर्डर को बंद कर दिया है।

**काजू, अखरोट की भी बढ़ेगी कीमत-** देश में अभी ड्राई फ्रूट्स की सप्लाई अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, टर्की से हो रही है और कुछ आइटम ईरान से भी आ रहे हैं। लेकिन अफगानिस्तान से ड्राई फ्रूट्स की सप्लाई ठप होने से दूसरे देश से आने वाले काजू, बादाम, अखरोट की खपत तेज हो जाएगी, जिसे इनके दाम भी बढ़ सकते हैं। उन्होंने बताया कि मिठाइयों के लिए पिस्ता मिलना भी मुश्किल हो जाएगा। जिससे इसका असर मिठाई के दाम पर भी सीधे तौर पर पड़ेगा।

### और बढ़ सकते हैं दाम

बॉर्डर बंद होने से अफगानिस्तान से व्यापार ठप हो गया है। अफगानिस्तान का लगभग 90 प्रतिशत माल भारत आता है। इनमें अंजीर, हींग, पिस्ता, किशमिश, जीरा, मुनक्का शामिल हैं। चार दिन हो गए सप्लाई ठप है। इसकी वजह से थोक मंडी में अंजीर की कीमत में 200 प्रति किलो, पिस्ता की कीमत में 400 से 500 प्रति किलो, किशमिश में 100 प्रति किलो, मुनक्का में भी 100 प्रति किलो की बढ़ोतरी हुई है। अगले एक महीने तक अगर यही हालत रहे तो ड्राई फ्रूट्स के दाम में काफी बढ़ोतरी हो सकती है।

### कारोबारियों के करोड़ों रुपये फंसे

अफगानिस्तान से भारत में हर साल लगभग सवा लाख टन ड्राई फ्रूट्स की सप्लाई होती है। इसके लिए यहां के कारोबारी एडवांस में पेमेंट करते हैं। एक कारोबारी ने बताया कि अफगानिस्तान से ड्राई फ्रूट्स की सप्लाई ठप होने से करोड़ों रुपये फंस गए हैं। इस स्थिति में उनके पास इंतजार के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं है।

## मुकेश अंबानी की कंपनी का मुनाफा बढ़ा तो रिलायंस के शेयर खरीदने को मची लूट

नई दिल्ली, एजेंसी। मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयरों को खरीदने के लिए सोमवार को लूट मच गई। आरआईएल के शेयर बीएसई पर 3.3 प्रतिशतबढ़कर 1,344 रुपये के इंट्राडे हाई पर पहुंच गए। यह उछाल तब देखने को मिली,




जब कंपनी ने मार्च 2025 को समाप्त चौथी तिमाही के लिए कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट में 2 प्रतिशतकी वृद्धि के साथ 19,407 करोड़ रुपये की रिपोर्ट की, जो दलाल स्ट्रीट अनुमान 18,471 करोड़ रुपये से अधिक है।

**1,650 रुपये हुआ टार्गेट प्राइस-** मोतीलाल ओसवाल मोतीलाल ओसवाल ने रिलायंस पर 1,515 रुपये (पहले 1,510 रुपये) के संशोधित लक्ष्य मूल्य के साथ खरीदें रेटिंग दोहराई है। वहीं, नोमुरा ने भी रिलायंस पर खरीदें कॉल दिया है, टार्गेट प्राइस बढ़ाकर 1,650 रुपये कर दिया है। जेपी मॉर्गन जेपी मॉर्गन ने 1,530 रुपये के लक्ष्य मूल्य के साथ रिलायंस पर ओवरवेट रेटिंग बनाए रखी है। मैक्वेरी ने 1,500 रुपये के लक्ष्य मूल्य के साथ आउटपरफॉर्म रेटिंग दी। इसने बताया कि त्त्4 के परिणाम अनुरूप थे।

**रिलायंस के नतीजों पर क्या बोले मुकेश अंबानी-** आरआईएल के चेयरमैन और एमडी मुकेश अंबानी ने कहा, वित्त वर्ष 2025 वैश्विक कारोबारी माहौल के लिए चुनौतीपूर्ण रहा है, जिसमें कमजोर मैक्रो-इकोनॉमिक स्थितियां और भू-राजनीतिक परिदृश्य में बदलाव हुआ है। परिचालन अनुशासन, ग्राहक-केंद्रित नवाचार और भारत की विकास आवश्यकताओं को पूरा करने पर हमारा ध्यान केंद्रित करने से रिलायंस को इस साल के दौरान स्थिर वित्तीय प्रदर्शन करने में मदद मिली है।

**जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी ने क्या कहा-** रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी ने कहा, जियो विश्व स्तरीय नेटवर्क तकनीकों और डिजिटल सेवाओं के विस्तृत गुलदस्ते के साथ ग्राहक जुड़ाव में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहा है।

## किशोर कुमार के गाने पर विजय केडिया का तराना

### बताया कैसे बनेगा 10,000 से 1 करोड़ का खजाना

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय शेयर बाजार में विजय केडिया जाना-माना नाम हैं। वह अक्सर सोशल मीडिया पर अपने गानों के जरिए निवेश और संपत्ति बनाने की सरल रणनीति बताते हैं। केडिया ने जिदगी को समृद्ध है बनाना नाम का नया गाना जारी किया है। यह गाना किशोर कुमार के जिंदगी एक सफर है सुहाना से प्रेरित है। इस गाने के जरिये केडिया ने बचत करने और सिप (सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) के जरिए संपत्ति बनाने के महत्व पर जोर दिया है। उन्होंने बताया कि कैसे हर महीने 10,000 रुपये का निवेश 20 सालों में 12 प्रतिशतवार्षिक रिटर्न के साथ 1 करोड़ रुपये तक बढ़ सकता है। केडिया ने फिजूलखर्ची से बचने और समय पर निवेश शुरू करने की सलाह दी है। उन्होंने पहले भी युवाओं को अमीर बनने के लिए आसान गणित समझाया था। इसमें सालाना 50,000 रुपये की बचत को समझदारी से निवेश करके 5 करोड़ रुपये तक बनाने की बात कही गई थी। विजय केडिया हमेशा मजेदार तरीके से लोगों को निवेश के बारे में बताते रहते हैं। इस बार भी उन्होंने एक गाना बनाया है। इसमें उन्होंने लोगों को अमीर और सुरक्षित जीवन जीने के लिए जरूरी बातें बताई हैं।



### जिंदगी को समृद्ध है बनाना

केडिया ने अपना नया गाना सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर शेयर किया है। गाने का नाम है जिंदगी को समृद्ध है बनाना। यह गाना 1971 में आई फिल्म अंदाज के किशोर कुमार के गाने जिंदगी एक सफर है सुहाना पर है। इस गाने के जरिए केडिया ने बचत करने और सिप के महत्व को समझाया है। सिप एक ऐसा तरीका है जिससे आप हर महीने थोड़ा-थोड़ा पैसा निवेश कर सकते हैं। समय के साथ अच्छा पैसा बना सकते हैं।

## पढ़ने के आनंद का मनाएं जश्न, अमेजन इंडिया ने मेक इंडिया रीड मोर मिशन को किया और मजबूत

बेंगलुरु, एजेंसी। इस वर्ल्ड बुक डे पर अमेजन इंडिया अपने मेक इंडिया रीड मोर मिशन को आगे बढ़ा रहा है - ये एक व्यापक कोशिश है, जो भारत के रीडिंग कल्चर को बढ़ावा देने के लिए डेमोक्रेटाइज्ड एक्सेस, इनोवेटिव डिस्कवरी और कम्युनिटी एनगेजमेंट के जरिए काम करती है। ये प्रतिबद्धता देश भर के पाठकों तक किताबों की पहुंच को आसान बनाने के लिए अमेजन द्वारा किए जा रहे काम का हिस्सा है। अमेजन इंडिया के हाल के ट्रेंड्स से पता चलता है कि पूरे देश में किताबों की मांग बढ़ रही है, जिसमें नए कस्टमर्स और कैटेगरी सेल्स दोनों में डबल-डिजिट ग्रोथ देखी गई है। टियर 2 शहर इस विस्तार को खास तौर पर बढ़ा रहे हैं, जहां नए बुक कस्टमर्स की ग्रोथ मेट्रो शहरों की तुलना में दोगुनी रफ्तार से बढ़ रही है। इस डिमांड को सपोर्ट करने के लिए कंपनी ने अपनी सेम-डे डिलीवरी क्षमता को काफी बढ़ा दिया है, और अब टॉप 20 शहरों में पिछले साल की तुलना में दोगुने कस्टमर्स तक पहुंच रही है। राजर्षि गुइन, डायरेक्टर, बुक्स एंड टॉयज, अमेजन इंडिया ने कहा, किताबें अमेजन की पहचान का केंद्र बिंदु हैं, और भारत के पाठकों के लिए हमारी प्रतिबद्धता पहले से कहीं ज्यादा गहरी हुई है, भारत की सांस्कृतिक और शैक्षणिक विविधता को प्रदर्शित करने वाला साहित्य संग्रह से लेकर, तेज डिलीवरी और डिस्कवरी में निवेश करने तक, हमारा पूरा ध्यान रीडिंग को ज्यादा फायदेमंद और ज्यादा सुविधाजनक बनाने पर है। चाहे वो मेट्रो में एक युवा रीडर हो या टियर-3 टाउन में एक स्टूडेंट, हम हर दरवाजे तक सही किताब पहुंचाना चाहते हैं। 14 से ज्यादा भारतीय भाषाओं में उपलब्ध, 2 करोड़ से ज्यादा किताबों के कैटलॉग के साथ, अमेजन भारत के 100 प्रतिशत सर्विसेबल पिन कोड्स तक किताबें डिलीवर करता है। इस कैटेगरी में लिटरेरी फिक्शन, सेल्फ-हेल्प, बिजनेस और चिल्ड्रन्स बुक्स जैसे जॉनर्स में मजबूत डबल-डिजिट ग्रोथ देखी जा रही है, वहीं मलयालम और तमिल में रीजनल लैंग्वेज बुक्स की डिमांड पिछले साल की तुलना में दोगुनी हो गई है। एजुकेशनल कंटेंट भी मजबूत बना हुआ है, जिसमें गवर्नमेंट एग्जाम प्रीपरेशन मटीरियल्स में 30 प्रतिशत से ज्यादा की ग्रोथ हुई है, और इंजीनियरिंग व लॉ के लिए स्पेशलाइज्ड मटेरियल्स में पिछले साल की तुलना में 50 प्रतिशत से ज्यादा की ग्रोथ देखी गई है। डिस्कवरी और ग्राहक अनुभव को बेहतर करने के लिए, अमेजन की मंथली बुक बाजार इस साल अपनी 5वीं वर्षगांठ मना रही है, जिसमें 60 एडिशन्स होंगे जहां 300 से ज्यादा विशेष रीडिंग लिस्ट्स और 30,000 से ज्यादा किताबों पर डील्स की पेशकश की जाएगी, जो अलग-अलग जॉनर्स और भाषाओं में उपलब्ध होंगी। कंपनी फ्लैगशिप इनिशिएटिव्स जैसे ऑथर ऑफ द मंथ, अमेजन बुक टॉक सीरीज, और क्षेत्रीय भाषाओं की किताबों के लिए मातृभाषा स्टोर जैसे खास गंतव्य के माध्यम से पर्सनलाइज्ड एल्गोरिदम रिकमंडेशन्स को ट्रस्टेड एडिटोरियल क्यूरेशन के साथ मिलाती है।

## सुनील मित्तल के बाद अब मुकेश अंबानी भी आगे आए




नई दिल्ली, एजेंसी। मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड अब एक बड़ी खबर में है। यह कंपनी चीन की एक बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी हायर की भारतीय इकाई में हिस्सेदारी खरीदने की दौड़ में शामिल हो गई है। हायर कंपनी भारत में अपने कारोबार को बढ़ाना चाहती है और इसके लिए वह किसी भारतीय कंपनी को अपना पार्टनर बनाना चाहती है।

इस दौड़ में रिलायंस का मुकाबला सुनील मित्तल की भारती ग्रुप से है। यह मुकाबला टेलीकॉम सेक्टर की तरह ही है, जहां ये दोनों कंपनियां पहले से ही एक दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। कितनी हिस्सेदारी बेचना चाहती है कंपनी

हायर अप्लायंसेज इंडिया एलजी और सैमसंग के बाद तीसरे नंबर पर है। यह कंपनी अपनी 25 प्रतिशतसे 51 प्रतिशततक हिस्सेदारी बेचने की योजना बना रही है। यह कंपनी स्त्न मोटर्स की तरह एक ऐसा ढांचा बनाना चाहती है, जिसमें कोई भारतीय कंपनी सबसे बड़ी शेयरधारक बन जाए। सूत्रों के अनुसार, हायर कंपनी का वैल्यूएशन 2-2.3 बिलियन डॉलर आंका जा रहा है। इसमें कंपनी को कंट्रोल करने का प्रीमियम भी शामिल है। हायर कंपनी पिछले साल के अंत से ही सिटी के साथ मिलकर बड़े फैमिली ऑफिस और प्राइवेट इक्विटी फंड्स से हिस्सेदारी बिक्री के लिए बात कर रही है।

### टैरिफ से जुड़ा है कनेक्शन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ लगाने के बाद से चीनी कंपनियां अब भारत में हिस्सेदारी बेचने के लिए तैयार हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि टैरिफ की वजह से उनके प्रोडक्ट की कीमतें अमेरिका में बढ़ जाएंगी। इसलिए, चीनी कंपनियां अब भारत में अपना कारोबार बढ़ाना चाहती हैं।

### क्या है दोनों कंपनियों का प्लान

रिलायंस ने इस साल की शुरुआत में नॉन-बाइंडिंग ऑफर देने के बाद इस दौड़ में एंट्री की है। सूत्रों के अनुसार, रिलायंस के सलाहकारों ने सीधे हायर के हेडक्वार्टर, चिंगदाओ में संपर्क किया है। दो इंडस्ट्री एग्जीक्यूटिव्स ने बताया कि मित्तल भी कुछ हफ्ते पहले हायर के टॉप मैनेजमेंट से मिलने चीन गए थे।

यह समझा जाता है कि रिलायंस रिटेल यूनिट इस संभावित अधिग्रहण के लिए एक माध्यम होगा। सूत्रों के अनुसार, रिलायंस अभी तक अकेले ही आगे बढ़ना चाहता है। रिलायंस पहले से ही बीपीएल और केल्विनटर जैसे लाइसेंस वाले ब्रांडों के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स में अपना कारोबार बढ़ा रहा है। हालांकि, रिलायंस द्वारा स्थापित ब्रांड, रीकनेक्ट और वाइजर को ज्यादा सफलता नहीं मिली है।

### कितनी मिलेगी इक्विटी

ज्यादातर भारतीय कंपनियां और प्राइवेट इक्विटी फर्म्स किसी भी गठबंधन में जूनियर पार्टनर नहीं बनना चाहती हैं। इसलिए, हायर कंपनी एक लोकल पार्टनर को 45-48 प्रतिशत इक्विटी देने पर विचार कर रही है। इसके अलावा, 3-6 प्रतिशतइक्विटी भारतीय कर्मचारियों और लोकल डिस्ट्रीब्यूटर्स के लिए रखी जाएगी, जबकि बाकी हिस्सेदारी कंपनी अपने पास रखेगी। सूत्रों के अनुसार, फाइनल स्ट्रक्चर अगले कुछ हफ्तों में तय होने की उम्मीद है।

# आईपीएल में आज होगा केकेआर और दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल में मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला अपने घरेलू मैदान पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से होगा। इस मैच में दिल्ली कैपिटल्स की टीम जीत के साथ ही प्लेऑफ के लिए अपना स्थान पक्का करना चाहेगी। दिल्ली के अभी 12 अंक है ओर वह अंकतालिका में चौथे नंबर पर है, वहीं केकेआर की टीम 7 अंक के साथ ही सातवें नंबर पर है। इस प्रकार देखा जाये तो इस मैच में दिल्ली जीत की प्रबल दावेदार है। दिल्ली की टीम इस मैच में एक बार फिर जीत हासिल कर पिछले चार मैच में से दो में मिली हार से उबरना चाहेगी। दिल्ली की टीम की बल्लेबाजी अच्छी है। उसके पास केएल राहुल जैसा अनुभवी बल्लेबाज है। शीर्ष क्रम में अभिषेक पोरेल भी बल्लेबाजी कर रहे हैं। राहुल इस सत्र में दिल्ली के सबसे सफल बल्लेबाज रहे हैं हालांकि पिछले मैच में वह स्पिनरों के खिलाफ विफल रहेहे। ऐसे में उन्हें इस मैच में केकेआर के सुनील नरेन और वरुण चक्रवर्ती की अनुभवी स्पिन जोड़ी से सतर्क रहना होगा।

दिल्ली को करुण नायर से भी अच्छी बल्लेबाजी की उम्मीद रहेगी। गेंदबाजी की कमान कप्तान अक्षर पटेल और तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क संभालेंगे। बीच के ओवरों में कुलदीप यादव पर बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने की जिम्मेदारी रहेगी। दिल्ली को अपने क्षेत्ररक्षण में भी सुधार करना होगा। आरसीबी के खिलाफ उसने कई अवसर छोड़े थे।

वहीं दूसरी ओर केकेआर के अभी सिर्फ सात अंक हैं और टीम तालिका में सातवें स्थान पर चल रही है। टीम अपने पिछले तीन मैच में जीत दर्ज करने में विफल रही है, जिसमें दो में उन्हें हार मिली और एक मैच का परिणाम नहीं निकला। केकेआर को प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए यह मैच हर हाल में जीतना होगा।




आजिंक्य रहाणे की कप्तानी में उतरी केकेआर की राह आसान नहीं रही है। उसकी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ,सुनील नरेन और रहमानुल्लाह गुरबाज व अंगकृष रघुवंशी पर आधारित रही है। मध्यक्रम में वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल, रिंकू सिंह और रमनदीप सिंह अब तक विफल रहे हैं। टीम की गेंदबाजी वरुण के अलावा नरेन व वैभव अरोड़ा और हर्षित राणा संभालेंगे।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**दिल्ली कैपिटल्सः** अक्षर पटेल (कप्तान), जेक फ्रेजर-मैकगर्क, अभिषेक पोरेल, करुण नायर, लोको राहुल, ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, समीर रिज्वी, दर्शन नालकंडे, डोनोवन फरेरा, त्रिपुराना विजय, दुष्मंता चमीरा, फाफ डुप्लेसी, टी नटराजन, अजय जाधव मंडल, मनवंत कुमार एल और माधव तिवारी।

**केकेआरः** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, क्विंटन डिकॉक, रहमानुल्लाह गुरबाज, अंगकृष रघुवंशी, रोवमैन पावेल, मनीष पांडे, लवनिथ सिसोदिया, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, मोईन अली, रमनदीप सिंह, आंद्रे रसेल, एनरिक नोर्किया, वैभव अरोड़ा, मयंक मारकंडे, स्पेंसर जॉनसन, हर्षित राणा, सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती और चेतन सकारिया।

# बेटे अंगद पर कमेंट करने वाले लोगों पर भड़की बुमराह की पत्नी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की पत्नी संजना गणेशन ने उनके बेटे अंगद को निशाना बनाने वालों को आड़े हाथों लिया है। इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच हुए मैच के दौरान उनके बेटे अंगद का लोगों ने अजीब से मीम्स बनाकर और कमेंट कर मजाक उड़ाया था। संजना ने इसको लेकर जमकर नाराजगी जतायी है। संजना ने लोगों से कहा है कि वे कुछ सेकंड के वीडियो फुटेज के आधार पर बच्चे के बारे में आधारहीन अनुमान न लगायें। साथ ही कहा कि अंगद को कैमरे पर ज्यादातर बिना किसी भाव के देखा गया है और इंटरनेट पर मीम्स की बाढ़ आ गई है कि वह खुश होने वाली बात पर मुस्कुराता नहीं है। ऐसी और ना जाने कितनी बेवजह की बातों को लिखा गया है। संजना ने इसके जवाब में लिखा, 'हमारा बेटा आपके मनोरंजन का विषय नहीं है। हम दोनो पूरी कोशिश करते हैं कि अंगद को सोशल मीडिया से दूर रखें क्योंकि इंटरनेट बेहद बुरी जगह है। मैं पूरी तरह से समझती हूं कि कैमरों से भरे क्रिकेट स्टेडियम में बच्चे को लाने के क्या परिणाम हो सकते हैं, लेकिन समझें कि अंगद और मैं वहां जसप्रीत का समर्थन करने के लिए थे और कुछ नहीं,' संजना ने लिखा, 'एक बच्चे के बारे में ट्रॉमा और डिप्रेशन जैसे शब्दों का इस्तेमाल करना बताता है कि हम किस तरह से इंसान बनते जा रहे हैं। यह वास्तव में बहुत दुखद है। आप हमारे बेटे के बारे में कुछ नहीं जानते इसलिए इस प्रकार की बातें न कहें।'

# केकेआर को खिताब बचाने जीतने होंगे आगे के सारे मुकाबले : अजय जडेजा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व ऑलराउंडर अजय जडेजा ने कहा है कि गत विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम का प्रदर्शन इस सत्र में उम्मीद के अनुसार नहीं रहा है और वह सातवें स्थान पर है पर इसके बाद भी उसके पास अपना खिताब बचाने का अवसर है। जडेजा ने कहा कि इसके लिए उसे अपने बचे हुए मैचों में जीत दर्ज करनी होगी। पंजाब किंग्स के साथ पिछला मैच रद्द होने से केकेआर अब सातवें स्थान पर फिसल गयी है। केकेआर ने 9 मैचों में अब तक केवल तीन मैच ही जीते हैं। ऐसे में उसके लिए अपना खिताब बचाना कठिन होता जा रहा है। उसे अब लीग स्तर पर पांच मैच खेलने हैं जिनमें उसे बेहतर प्रदर्शन करना होगा पर अगर वह इन मैचों में जीतती है तो उसके लिए प्लेऑफ में जगह मिल जाएगी।

जडेजा ने कहा, मुझे लगता है कि अगर केकेआर चार में से तीन मैच जीत जीती है, तो उन्हें विश्वास होगा कि उनके पास अभी भी अवसर है। मुझे लगता है कि कोई भी टीम ऐसा ही करेगी। जब चार में से चार मैच होते हैं, तो इस प्रारूप के कारण यह वास्तव में कठिन हो जाता है। अगर आप बेहतर टीम हैं या आप काफी अच्छा खेल रहे हैं, तो आपको जीतना चाहिए पर ऐसे दिन भी आते हैं जब कोई आकर आपको हरा देता है पर अगर आप उस गेम को जीतना चाहते हैं, तो आपको अपना विश्वास बनाए रखना होगा।

उन्होंनेकहा, केकेआर पंजाब के खिलाफ एक अंक पाकर भी खुश होगी। पंजाब किंग्स के लिए उन्हें इससे कुछ भी नहीं मिल सकता था। पंजाब बारिश के कारण जीत नहीं मिलने से परेशान होगा पर खेल ऐसे ही चलता है। कभी-कभी यह आपके पक्ष में जाता है, कभी-कभी यह आपके खिलाफ जाता है।

# बीसीसीआई सीओई में स्पिन कोच की भूमिका के लिए सुनील जोशी सबसे बड़े दावेदार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर सुनील जोशी ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई ) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में स्पिन गेंदबाजी कोच के पद के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। यह पद इस साल की शुरुआत में साईराज बहुतुले के इस्तीफे के बाद खाली हो गया था। बहुतुले आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स से जुड़ गये थे। सीओई को पहले राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के रूप में जाना जाता था। यह पहले बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में स्थित था।

आधुनिक सुविधाओं से लैस सीओई का संचालन हालांकि बेंगलुरु शहर के बाहरी इलाके बने बेहद बड़े परिसर में हो रहा है। भारत के लिए 1996 से 2002 के बीच 15 टेस्ट और 69 एकदिवसीय मैच खेलने वाले 54 साल के जोशी मौजूदा समय में पंजाब किंग्स आईपीएल टीम में रिकी पोंटिंग के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने घरेलू सत्र के दौरान उत्तर प्रदेश को भी कोचिंग दी है। उन्होंने बांग्लादेश की राष्ट्रीय पुरुष टीम के साथ स्पिन गेंदबाजी सलाहकार के रूप में भी काम किया है।

बीसीसीआई के सूत्रों के अनुसार जोशी सीओई के क्रिकेट प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण, पुरुष चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर और महाप्रबंधक (क्रिकेट संचालन) अब्बे कुरुविला सहित तीन सदस्यीय पैनल के सामने ऑनलाइन साक्षात्कार के लिए उपस्थित हुए। साक्षात्कार के लिए चार अन्य लोग भी व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हुए जिनमें भारत की अंडर-19 महिला टीम की कोच नूशिन अल खादीर भी शामिल हैं। वह अपने खेल के दिनों में ऑफ स्पिनर थीं। उन्होंने पांच टेस्ट और 78 वनडे मैचों में देश का प्रतिनिधित्व किया और पिछले कुछ वर्षों से एनसीए प्रणाली का हिस्सा रही हैं।



राकेश ध्रुव को एक और मजबूत उम्मीदवार माना जा रहा है। वह गुजरात और सौराष्ट्र के बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर हैं। विदर्भ के अनुभवी ऑफ स्पिनर प्रीतम गंधे ने भी इस पद के लिए साक्षात्कार दिया है। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी से इस पद के लिए साक्षात्कार के बारे में जब पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'जाहिर है सुनील जोशी के पास अन्य सभी उम्मीदवारों की तुलना में सबसे अच्छा सीवी (तजुर्बा) है। नूशिन की बात करें तो बीसीसीआई अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय और घरेलू आयु वर्ग की महिला क्रिकेटरों के लिए समर्पित कर्मचारियों के साथ एक विस्तृत महिला विंग भी बनाने जा रहा है।'

उन्होंने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अनुभव काफी मायने रखता है और सुनील साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने वालों में एकमात्र (पुरुष) टेस्ट क्रिकेटर हैं। उन्हें शीर्ष स्तर की टीमों के साथ कोचिंग का भी अच्छा अनुभव है। उन्होंने कई प्रथम श्रेणी टीमों को कोचिंग दी है, आईपीएल में कोचिंग टीम का हिस्सा रहे हैं और सीनियर पुरुष अंतरराष्ट्रीय टीम को भी कोचिंग दी है। वह बेंगलुरु से हैं, जो तार्किक रूप से बहुत मायने रखता है।' उन्होंने कहा, 'ध्रुव की उम्मीदवारी को भी खारिज नहीं किया जा सकता है क्योंकि उन्होंने सौराष्ट्र और गुजरात के लिए बहुत क्रिकेट खेला है।' चुने गए कोच को रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव और वाशिंगटन सुंदर जैसे अन्य अंतरराष्ट्रीय सितारों को तकनीकी जानकारी प्रदान करने के साथ भारत ए, भारत अंडर-19 और शीर्ष घरेलू गेंदबाजों के साथ काम करना होगा।

# ऋषभ पर 24 लाख रुपये का जुर्माना




मुंबई । लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत को दोहरा झटका लगा है। एक तो उनकी टीम इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 54 रनो से हार गयी। वहीं मैच में धीमी ओवर गति के लिए ऋषभ पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगा है। आईपीएल की ओर से कहा गया, 'यह आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत उनकी टीम ने इस सत्र में दूसरी बार धीमी ओवर गति से गेंदबाजी की है। इसलिए कप्तान पर दोगुना जुर्माना लगाया गया है। इसमें कहा गया, 'इम्पैक्ट खिलाड़ी सहित अंतिम एकादश के बाकी सदस्यों पर या तो छह लाख रुपए या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 फीसदी जो भी कम हो इतना जुर्माना लगाया गया है। इस मैच में मुंबई इंडियंस ने बल्लेबाज रेयान रिकलटन के 58 रन और सूर्यकुमार यादव के 54 रनों की सहायता से एक अच्छा स्कोर बनाया। इसके बाद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की शानदार गेंदबाजी से मैच जीत लिया।

# विराट ने राहुल के ही अंदाज में जश्न मनाया




नई दिल्ली । रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में जीत के बाद उसी अंदाज में जश्न मनाया जिस प्रकार से राहुल ने एक सप्ताह पहले आरसीबी के खिलाफ जीत के बाद मनाया था। आरसीबी ने अब दिल्ली के खिलाफ मैच 7 विकेट से जीता है। इस मैच में आरसीबी की टीम एक समय मुश्किल में थी पर इसके बाद कोहली ने क्रुणाल पंड्या के साथ साझेदारी कर टीम को जीत दिलायी। विराट ने जीत के करीब पहुंचकर छक्का लगाने का प्रयास किया पर वह कैच हो गये। मैच समाप्त होने के बाद जब दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ी आपस में बात कर रहे थे। तब विराट बड़े प्यार से राहुल के पास गए और उन्होंने राहुल के ही अंदाज में जश्न मनाया। विराट ने इसके बाद राहुल को गले लगा लिया। कोहली जश्न के दौरान मुस्कुराते दिखे, राहल भी तब हंस रहे थे। इस मुकाबले से पहले पूर्व क्रिकेटर मो कैफ ने भी कहा था कि कोहली दिल्ली आकर राहुल को उन्हीं के अंदाज में जवाब देंगे जो सही साबित हुआ।

# आईपीएल के इस सत्र में सबसे अधिक रन व अर्धशतक बनाने वाले पांच बल्लेबाज

**मुंबई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) आईपीएल में करीब पचास के लगभग मैच हो गये हैं। इस दौरान सबसे अधिक रन और अर्धशतक लगाने वाले पांच बल्लेबाजों में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विराट कोहली पहले नंबर पर हैं जबकि दूसरे नंबर पर गुजरात टाइटंस के बी साई सुदर्शन और तीसरे नंबर पर लखनऊ सुपर जॉयंट्स के मिचेल मार्श हैं। चौथे नंबर पर राजस्थान रॉयल्स के यशस्वी जायसवाल व पांचवे पर लखनऊ सुपर जॉयंट्स के निकोलस पूरन हैं।


**विराट कोहली :** आईपीएल 2025 में अब तक सबसे ज्यादा अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में आरसीबी के विराट शीर्ष पर हैं। उन्होंने अब तक दिल्ली छह अर्धशतक लगाये हैं। कोहली अब तक 10 मैच में 443 रन बना चुके हैं और सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में भी शीर्ष पर होने के साथ ही ऑरेंज कैप की रेस में सबसे आगे।

**बी साई सुदर्शन :** आईपीएल 2025 में सबसे ज्यादा पाचास रन बनाने वाले बल्लेबाजों में गुजरात टाइटंस के बी साई सुदर्शन दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने अब तक 8 मैच में 5 अर्धशतक सहित 417 रन बनाए हैं।

**मिचेल मार्श :** लखनऊ सुपर जॉयंट्स के मिचेल मार्श तीसरे नंबर पर हैं। उन्होंने अब तक 4 अर्धशतक लगाये हैं। मार्श ने 9 मैच खेले हैं और अब तक 378 रन बनाए हैं।

**यशस्वी जायसवाल :** इस सत्र में सबसे ज्यादा अर्धशतक बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में राजस्थान रॉयल्स के यशस्वी जायसवाल चौथे नंबर पर हैं। उनके भी 9 मैच में 4 अर्धशतक हैं। उन्होंने अब तक 356 रन बनाए हैं।

**निकोलस पूरन :** आईपीएल 2025 में सबसे ज्यादा अर्धशतक के मामले में लखनऊ सुपर जॉयंट्स के निकोलस पूरन पांचवें नंबर पर हैं। उन्होंने अब तक 10 मैच में 4 अर्धशतक के साथ 404 रन बनाए हैं।



# वेंकटेश को शीर्ष क्रम में भेजे केकेआर : कुंबले




नई दिल्ली । पूर्व स्पिनर अनिल कुंबले ने कहा है कि आईपीएल के इस सत्र में वेंकटेश अय्यर अब तक बड़ी पारियां नहीं खेल पाये हैं। ऐसे में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजना चाहिये। अब तक के मैचों में इस बल्लेबाज को निचले क्रम पर भेजा गया है। ऐसे में उनके ऊपर अधिक दबाव आ जाता है। वेंकटेश ने आईपीएल 2024 में शीर्ष क्रम पर काफी रन बनाये थे पर इस सत्र में उसे चौथे या पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए भेजा गया है। पिछले सत्र में वेंकटेश ने पावरप्ले में 220 के स्ट्राइक रेट के साथ शानदार प्रदर्शन किया पर इस बार बल्लेबाजी क्रम में बदलाव के बाद इस बल्लेबाज ने 22.50 की औसत और 139.17 की स्ट्राइक रेट से केवल 135 रन ही बनाए हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ ही वेंकटेश अच्छी बल्लेबाजी कर पाये थे। कुंबले ने कहा, उनके पास इस खेल में वेंकटेश को बल्लेबाजी क्रम में ऊपर लाने का अवसर था। उन्हें सुनील नरेन के साथ बल्लेबाजी की शुरुआत के लिए भेजा जा सकता है। साथ ही कहा कि गेंदबाजी में एनरिक नॉर्टजे को चेतन सकारिया की जगह शामिल करें। उन्होंने कहा, वेंकटेश पावरप्ले में अपना स्वाभाविक खेल खेल सकता है, ऊपर से हिट कर सकता है। उसने पूर्व में ऐसा किया है । उन्होंने कहा, गुणवत्ता और क्षमता के मामले में मुझे लगता है कि केकेआर के पास सब है। अगर आप पिछले साल की तुलना में इस साल की चैंपियनशिप टीम को देखें, तो पाएंगे कि उनके खिलाड़ी उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं। ऐसा नहीं है कि खिलाड़ियों में बहुत ज़्यादा बदलाव हुआ है पर जीत के लिए उसे अधिक प्रयास करने होंगे।

# नीता अंबानी की पहल से 19 हजार बच्चों को मिला आईपीएल मैच देखने का अवसर

**मुम्बई (एजेंसी) ।** यहां मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच हुए मैच को देखने 19 हजार बच्चे भी पहुंचे थे। इन बच्चों को मैच देखने का ये अवसर मुम्बई इंडियंस की मालकिन नीता अंबानी के कारण मिला। मैच में आये इन सभी बच्चों ने नीले रंग में पोशाक पहनी हुई थी। नीता अंबानी ने सालाना एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स फॉर ऑल (ईएसए) दिवस पर बच्चों को ये सुविधा उपलब्ध करायी। नीता ने कहा, ÷यह केवल एक मैच नहीं है। यह उम्मीदों, सपनों और खुशी का अवसर है। यह पूरे सत्र का पसंदीदा मैच रहा। इसमें उन बच्चों को रहने का अवसर मिला जो कमजोर आर्थिक हालातों से आये हैं पर सारे के सारे बच्चे अपने आप में विशेष हैं। इनमें से अधिकांश ने पहली बार स्टेडियम में लाइव मैच देखा। यह देखना बहुत ही भावुक कर देने वाला है कि बच्चे कितनी खुशी से इसका आनंद ले रहे हैं। नीता अंबानी ने बच्चों से बातचीत की जो उनसे मिलकर बहुत खुश थे। बच्चों के साथ अपनी बातचीत के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, ÷एक छोटी लड़की ने कहा कि वह बुमराह जैसी बनना चाहती है और एक लड़का, वह सिर्फ रोहित शर्मा से हाथ मिलाना चाहता है। अगर उनकी उम्मीदें और आकांक्षाएं पूरी हो सकती हैं, तो वे सितारों तक पहुंच सकते हैं।' बच्चों के लिए इस अनुभव को उन्होंने यादगार बताते हुए कहा है कि ईएसए का उद्देश्य शिक्षा और खेल के लिए सभी को अवसर उपलब्ध कराना है। मुझे लगता है कि बच्चे कक्षा में जितना सीखते हैं, उतना ही खेल के मैदान में भी सीखते हैं। मैच देखने का दिन इनकी उम्मीदों का दिन रहा। इन्हीं में से भविष्य के सितारे निकलेंगे। यह माता-पिता को भी बताने के लिए है कि बच्चों को अपनी पसंद के काम करने दें।' गौरतलब है कि ईएसए सीएसआर शाखा की एक प्रमुख पहल है, जिसे मुंबई इंडियंस के साथ मिलकर 2010 में लॉन्च किया गया था, इसका उद्देश्य सभी पृष्ठभूमि के बच्चों के लिए शिक्षा और खेल को सुलभ बनाना है।

# आईपीएल के विस्तार की योजना, अब इस सीजन से होंगे 94 मैच, बीसीसीआई बना रहा योजना

**नई दिल्ली (एजेंसी) ।** इंडियन प्रीमियर लीग में 2025 तक 84 मैचों तक विस्तार करने की योजना थी, लेकिन व्यस्त कार्यक्रम और प्रसारणकर्ताओं द्वारा बहुत अधिक डबल-हेडर नहीं चाहने के कारण इसमें देरी हुई। भविष्य के लिए विस्तार पर अभी भी विचार किया जा रहा है।

आईपीएल के पास अगले दो वर्षों के लिए फ्यूचर टूर्स प्रोग्राम (एफटीपी) में एक निश्चित स्लॉट है, जो मार्च के मध्य से मई के अंत तक चलेगा। आईपीएल के चेयरमैन अरुण धूमल ने बताया कि बीसीसीआई अगले मीडिया-राइट्स चक्र के लिए 94 मैचों के साथ टूर्नामेंट को पूर्ण होम-एंड-अवे प्रारूप में विस्तारित करने के बारे में गंभीरता से विचार करेगा, जो 2028 में शुरू होगा।

धूमल ने कहा, 'निश्चित रूप से, यह एक अवसर हो सकता है। हम आईसीसी में चर्चा कर रहे हैं, हम बीसीसीआई में भी इस पर चर्चा कर रहे हैं। द्विपक्षीय और आईसीसी आयोजनों, फ्रेंचाइजी क्रिकेट और टी20 क्रिकेट के संबंध में प्रशंसकों की रुचि किस तरह बदल रही है, इसे देखते हुए हमें इस बारे में और अधिक गंभीरता से बात करनी होगी और देखना होगा कि हम खेल के हितधारकों के लिए अधिकतम मूल्य कैसे बना सकते हैं। आदर्श रूप से, हम एक बड़ी विंडो चाहते हैं, या शायद किसी समय 74 से 84 या 94 तक जाना चाहते हैं... ताकि हर टीम को हर टीम के खिलाफ घर और बाहर खेलने का मौका मिले, इसके लिए आपको 94 गेम की आवश्यकता है।'

उन्होंने कहा, 'द्विपक्षीय क्रिकेट और आईसीसी आयोजनों के संबंध में हमारी विंडो और प्रतिबद्धताओं को देखते हुए यह अल्पावधि में संभव नहीं हो सकता है, लेकिन परिदृश्य को देखते हुए यह कैसे बदल रहा है और वर्षों से विकसित हो रहा है, शायद किसी समय हम इस विकल्प पर विचार करेंगे और इसे अपनाएंगे।' उन्होंने कहा, 'बहुत क्रिकेट हुआ हैः हम ऑस्ट्रेलिया से टेस्ट सीरीज खेलकर वापस आए, हमारे पास चैंपियंस ट्रॉफी थी और उसके ऊपर हमारे पास यह आईपीएल है। इसलिए यह तय किया गया कि 74 से 84 (2025 में) पर जाना समझदारी नहीं है, लेकिन जब भी हमें लगेगा कि सही समय है, हम यह फैसला लेंगे।'

अगले साल जब क्रिकेट बोर्ड अगले FTP की योजना बनाएंगे, तब आईपीएल विंडो की लैंथ पर चर्चा की जाएगी। कई फ्रैंचाइजी अधिकारियों ने एक रिपोर्ट में बताया कि वे 94 मैचों का सीजन पसंद करते हैं, लेकिन यह इस बात पर निर्भर करेगा कि ब्रॉडकास्टर इसमें रुचि रखते हैं या नहीं, खासकर रिलायंस-डिज्नी के विलय के बाद, जोकि अब जियोस्टार है।

टीवी और स्ट्रीमिंग दर्शकों की संख्या आमतौर पर आईपीएल सीजन के बीच में ही कम हो जाती है। ब्रॉडकास्टर इसके लिए प्रशंसकों को बहुत सारे मैचों से थक जाने को जिम्मेदार ठहराते हैं। 2025 का आईपीएल 9 सप्ताह तक चलेगा, जिसमें 12 डबल-हेडर की योजना बनाई गई है। पूर्ण होम-एंड-अवे सीजन में विस्तार करने के लिए संभवतः अंतर्राष्ट्रीय कैलेंडर में दो और सप्ताह जोड़ने की आवश्यकता होगी।

धूमल ने कहा, 'अभी के लिए दस एक अच्छी संख्या है। टूर्नामेंट में रुचि और हमारे द्वारा खेले जाने वाले क्रिकेट की गुणवत्ता सर्वोपरि है... मुझे अल्पावधि में कोई गुंजाइश नहीं दिखती। आगे बढ़ते हुए यह पूरा परिदृश्य कैसे विकसित होता है, हम उसी के अनुसार निर्णय लेंगे।'

धूमल ने 2025 के आईपीएल सीजन को सफल बताया, टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा और युवा भारतीय खिलाड़ियों के उदय की प्रशंसा की। उन्होंने यह भी कहा कि यह बहुत अच्छा होगा अगर कोई टीम जिसने पहले कभी आईपीएल नहीं जीता है, वह इस सीजन में चैंपियन बन जाए, क्योंकि दिल्ली कैपिटल्स (डीसी), रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) सभी अभी भी प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के हवाले से धूमल ने कहा, 'हर साल, यह बढ़ रहा है।'

उन्होंने कहा, 'हम बहुत खुश हैं कि प्रशंसकों ने इस टूर्नामेंट को कितना पसंद किया है और प्रसारण संख्या और स्टेडियम में दर्शकों की संख्या सभी अभूतपूर्व हैं। हम इसे एक विशेष संस्करण, 18वें संस्करण के रूप में जारी रखने की उम्मीद कर रहे हैं। हमें पूरा यकीन है कि यह पिछले 17 वर्षों में जिस तरह से आगे बढ़ता रहा है, उसी तरह आगे भी बढ़ते रहेगा।'



धूमल ने कहा, 'निश्चित रूप से, मैं चाहूंगा कि कोई ऐसा व्यक्ति इस साल ट्रॉफी उठाए जिसने कभी टूर्नामेंट नहीं जीता हो। दिल्ली ने पिछले कुछ वर्षों में असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन वे जीत नहीं पाए हैं। पंजाब किंग्स ने एक बार फाइनल में जगह बनाई, और RCB ने भी कभी-कभी अच्छा प्रदर्शन किया है। अगर इनमें से कुछ टीमें फाइनल में एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करती हैं, तो हमें यकीन है कि हमारे पास एक नया विजेता होगा, फिर मैं टूर्नामेंट के लिए बहुत खुश रहूंगा।'

# सीएसके को टी20 क्रिकेट की वर्तमान शैली के साथ तालमेल बिठाना होगा : रायुडू

मुम्बई । पूर्व क्रिकेटर अंबाति रायुडू ने आईपीएल के 18 वें सत्र में चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) टीम के खराब प्रदर्शन को लेकर कहा है कि उसे टी20 क्रिकेट की वर्तमान शैली के साथ तालमेल बिठाने के लिए और सतर्कता से खेलना होगा। रायुडू ने कहा है कि सीएसके अंतिम ग्यारह में बदलाव करने के बाद भी जीत हासिल नहीं कर पा रही है और यही कारण है कि अंक तालिका में सबसे नीचे 10वें स्थान पर है। रायुडू ने कहा कि यह सीएसके के लिए सबसे कठिन स्थिति है पर एक बड़ी सीख भी दे रही है। वह ये कि अगर आप पुरानी उपलब्धियों पर रुकते हैं और भविष्य की ओर नहीं देखते, तो ऐसा ही होता है। अब वे खेल के साथ विकसित होने को लेकर बहुत सतर्क होंगे। कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने भी माना है कि खेल आगे बढ़ गया है और मुझे भरोसा है कि वह अगले सीजन के लिए टीम तैयार करने की योजना बना रहे होंगे। साथ ही कहा कि टीम के पास डेवाल्ट ब्रेविस और आयुष म्हात्रे जैसे उभरते सितारे होना सकारात्मक संकेत हैं। कभी-कभी असफलता ऐसी टीम को जगा देती है और याद दिलाती है कि खेल हमेशा बड़ा होता है। रायुडू ने सीएसके की बल्लेबाजी की लगातार कमजोरियों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि शॉट चयन में कोई भ्रम नहीं है पर उसके बल्लेबाज पर्याप्त शॉट्स नहीं खेल रहे। वे जरूरत से ज्यादा समय ले रहे हैं। रायुडू ने आगे कहा कि टीम में बदलाव की जरूरत थी और अब हम इन मैचों को अगले सत्र के लिए एक तरह का ट्रायल देख रहे हैं। सीएसके अगले सत्र में अधिक खिलाड़ियों को बनाये नहीं रख पायेगा।

# खाली पेट हींग का सेवन सेहत के लिए है बेहद फायदेमंद



हमारे किचन में हींग का इस्तेमाल खाने के स्वाद को बढ़ाने के लिए किया जाता है। हींग के सेवन से कई बीमारियों से आपको आसानी से छुटकारा मिलता है। इसमें मौजूद गुण अपच, पेट में गैस और कब्ज की समस्या में बहुत फायदेमंद होते हैं। खाली पेट हींग खाने के फायदे भी अनेकों हैं। अगर आप पेट से जुड़ी समस्या से पीड़ित हैं तो खाली पेट हींग आपके लिए बेहद असरदार साबित होगा। हींग में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-वायरल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। इसका सेवन दर्द दूर करने के लिए भी बहुत फायदेमंद माना जाता है। चलिए आपको बताते हैं खाली पेट हींग का सेवन करने से किन बीमारियों से छुटकारा मिलता है।

**इन समस्याओं में है कारगर-**

**पाचन के लिए फायदेमंदः**

झहींग में मौजूद औषधीय गुण अपच की समस्या में बहुत फायदेमंद होते हैं। खाली पेट एक चुटकी हींग खाने से आपको पेट से जुड़ी परेशानियों में फायदा मिलेगा। अपच या पाचन तंत्र से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए आप डॉक्टर की सलाह पर हींग का सेवन करते हैं।

**पेट दर्द में फायदेमंद-**

हींग का सेवन पेट के लिए बेहद असरदार साबित हुआ है। हींग में मौजूद गुण ब्लोटिंग और पेट में गैस की समस्या को चुटकियों में दूर करते हैं। कई बार पेट में दर्द गैस या ब्लोटिंग की वजह से होता है। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए रोजाना चुटकी भर हींग का सेवन खाली पेट करना फायदेमंद माना जाता है।

**ब्लड प्रेशर करता है रेगुलेट-**

हींग शरीर में ब्लड क्लॉट को रोकता है और ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाता है। रोजाना सुबह के समय हींग का पानी पीने से ब्लड प्रेशर को रेगुलेट करने में फायदा मिलता है। हालांकि इसका सेवन करने से पहले आप अपने डॉक्टर से एक बार कंसल्ट ज़रूर करें।

**सिरदर्द में फायदेमंद-**

अगर आप सिरदर्द से परेशान हैं तो हींग का खाली पेट सेवन बहुत फायदेमंद होगा। हींग में मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण सिरदर्द की समस्या को छू मंतर करती है। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए आप डॉक्टर की सलाह लेकर हींग का सेवन कर सकते हैं।

# विटामिन बी12 की अधिकता से हो सकते हैं ये रोग

**विटामिन बी12 की कमी की वजह से सेहत पर पड़ने वाले नेगेटिव असर के बारे में ज्यादातर लोग जानते होंगे। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस विटामिन की अधिकता की वजह से भी आपकी सेहत पर कुछ साइड इफेक्ट्स पड़ सकते हैं? कुल मिलाकर किसी भी चीज की कमी या फिर अति सेहत पर भारी पड़ सकती है। यही वजह है कि आपको किसी भी पोषक तत्व को संतुलित मात्रा में ही अपने डाइट प्लान में शामिल करना चाहिए।**

**सिर में दर्द/चक्कर**

अगर आपके शरीर में विटामिन बी12 की ज्यादा मात्रा चली जाए, तो आपको मतली, सिर में दर्द या फिर चक्कर की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। अगर आप इस तरह की समस्याओं से बचना चाहते हैं तो आपको विटामिन बी12 का इंजेक्शन लेने से पहले डॉक्टर से कंसल्ट जरूर करना चाहिए।

**हार्ट हेल्थ पर पड़ सकता है असर**

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि विटामिन बी12 की अधिकता आपकी हार्ट हेल्थ पर भारी पड़ सकती है। इस विटामिन की अधिकता की वजह से आपके दिल की धड़कन बढ़ सकती है। इसके अलावा अगर आप किडनी से जुड़ी किसी बीमारी से जूझ रहे हैं, तो आपको विटामिन बी12 सप्लीमेंट लेने से बचना चाहिए।

**त्वचा के लिए हानिकारक**

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक विटामिन बी12 की अधिकता, आपके शरीर के साथ-साथ आपकी त्वचा पर भी बुरा असर डाल सकती है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि इस विटामिन की अधिकता की वजह से आपको मुंहासों, खुजली और रैश जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। अगर आपके शरीर में इस विटामिन की अधिकता है, तो आपको अपने डाइट प्लान में विटामिन बी12 से भरपूर खाने-पीने की चीजों को शामिल करने से बचना चाहिए।






# विटामिन सी से भरपूर चीजें

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए विटामिन से भरपूर आहार लेना जरूरी है। अगर किसी एक विटामिन की कमी हो जाए तो इससे पूरी बॉडी पर असर पड़ता है। धीरे-धीरे रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने लगती है और शरीर बीमारियों का घर बना जाता है। इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए विटामिन सी सबसे जरूरी है। जो हमारे शरीर को रोगों से लड़ने की क्षमता देता है और उसे मजबूत बनाए रखने में मदद करता है। अगर शरीर में विटामिन सी की कमी हो जाए तो इससे आप जल्दी बीमार पड़ने लगते हैं। मामूली सर्दी जुकाम भी शरीर पर असर दिखाने लगता है। इम्यूनिटी कमजोर होने के कारण बाल टूटने लगते हैं। हड्डियां कमजोर हो जाती है और चेहरे पर अर्ली एजिंग के निशान दिखने लगते हैं। विटामिन सी की कमी ओरल हेल्थ यानि आपके दांत और मसूड़ों को भी प्रभावित करती है। यानि शरीर में विटामिन सी कमी होने पर पूरा ढांचा ही खराब होने लगता है।

आप विटामिन सी की कमी के लिए कुछ खास चीजें अपनी डाइट में शामिल करें। जिससे शरीर को रोजाना की विटामिन सी की जरूरतों को पूरा करने में आसानी हो। खाने-पीने में ऐसी कई चीजें है जो आपकी विटामिन सी की डेली नीड्स को पूरा कर सकती हैं। आइये जानते हैं विटामिन सी से भरपूर भोजन क्या है? किन चीजों में विटामिन सी सबसे ज्यादा पाया जाता है?

**विटामिन सी से भरपूर चीजें**

**आंवला-**

विटामिन सी के लिए आवला को सबसे अच्छा सोर्स माना जाता है। आंवला में भरपूर विटामिन सी पाया जाता है। डेली किसी भी तरह 1 आंवला खाने की कोशिश करें। एक मीडियम साइज का आंवला खाने से 600- 700 मिलीग्राम विटामिन सी शरीर को मिलता है। आप रोजाना आंवला का जूस, आंवला पाउडर, आंवला का अचार या आंवला की चटनी खा सकते हैं।

**अमरूद-**

ज्यादातर लोगों को लगता है कि सिर्फ खट्टी चीजों में ही विटामिन सी सबसे ज्यादा पाया जाता है। लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं है। फलों में अमरूद विटामिन सी से भरपूर माना जाता है। एक मीडियम साइज का अमरूद रोजाना खाने से करीब 228 मिलीग्राम विटामिन ष्ट मिलता है। इसलिए डाइट में अमरूद जरूर शामिल करें।

**कीवी-**

फलों में रोजाान कीवी खाने से भी विटामिन सी की कमी को दूर किया जा सकता है। इसलिए रोजाना 1 कीवी जरूर खाया करें। 1 कीवी में लगभग 92 मिलीग्राम विटामिन सी होता है। जिससे आपको डेली की जरूरतों को काफी हद तक पूरा कर सकते हैं।

**पपीता-**

लगभग 1 कप पपीता खाने से शरीर को 88 मिलीग्राम विटामिन सी मिल जाता है। इसलिए पपीता को डेली डाइट में शामिल करें। पपीता गर्मियों में पेट को हेल्दी रखने में मदद करता है और इससे शरीर को दूसरे जरूरी विटामिन भी मिल जाते हैं। पपीता खाने से विटामिन सी की कमी दूर हो सकती है।

**संतरा और नींबू-**

विटामिन सी के लिए संतरा, मौसमी और नींबू को भी बहुत अच्छा माना जाता है। सिट्रिक फ्रूट्स में विटामिन सी पाया जाता है। रोजाना एक मीडियम संतरा खाने से शरीर में 70 मिलीग्राम विटामिन सी पहुंचता है। आप संतरा का जूस भी पी सकते हैं। वहीं 100 ग्राम नींबू खाने से भी करीब 50-60 मिलीग्राम विटामिन सी शरीर को मिलता है।

## एक दिन में कितना खाएं पिस्ता ?

# डायबिटीज पेशेंट्स के लिए भी फायदेमंद साबित होगा

हेल्थ एक्सपर्ट्स अक्सर ड्राई फ्रूट्स का सेवन करने की सलाह देते हैं। ड्राई फ्रूट्स को अगर सही मात्रा में और सही तरीके से कंज्यूम किया जाए, तो आप सेहत से जुड़ी कई समस्याओं की चपेट में आने से बच सकते हैं। क्या आप पिस्ता खाने के फायदों के बारे में जानते हैं? अगर नहीं, तो आपको इस ड्राई फ्रूट का सेवन करने के फायदे और इसे अपने डाइट प्लान में शामिल करने के सही तरीके के बारे में जानकारी हासिल कर लेनी चाहिए।

**कंट्रोल करे ब्लड शुगर लेवल**

पिस्ता में पाए जाने वाले तत्व आपके ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में कारगर साबित हो सकते हैं। यही वजह है कि डायबिटीज पेशेंट्स को पिस्ता खाने की सलाह दी जाती है। अगर आपकी बॉडी में खून की कमी पैदा हो गई है, तो पिस्ता खाकर आपको एनीमिया की समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

**मिलेंगे फायदे ही फायदे**

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि पिस्ता आपकी वेट लॉस जर्नी को आसान बना सकता है। गट हेल्थ को सुधारने के लिए भी पिस्ता खाया जा सकता है। पेट से जुड़ी समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए आप पिस्ता खाना शुरू कर सकते हैं। इसके अलावा पिस्ता को रेगुलरली कंज्यूम कर आप अपने इम्यून सिस्टम को भी काफी हद तक मजबूत बना सकते हैं यानी बार-बार बीमार पड़ने से भी बच सकते हैं।



आपको एक दिन में 15 से 20 ग्राम से ज्यादा पिस्ता नहीं खाने चाहिए वरना आपकी सेहत पर पॉजिटिव की जगह नेगेटिव असर भी पड़ सकता है। आप पिस्ता को रोस्ट करके या फिर भिगोकर कंज्यूम कर सकते हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि पिस्ता में फाइबर, विटामिन सी, प्रोटीन, आयरन, पोटैशियम, कैल्शियम, विटामिन बी-6, जिंक और कॉपर समेत कई पोषक तत्वों की अच्छी खासी मात्रा पाई जाती है, जो आपकी सेहत के लिए वरदान साबित हो सकती है।

# यूरिक एसिड के क्रिस्टल को छानकर बाहर कर देती है लौकी

**देश में यूरिक एसिड के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जिसकी मुख्य वजह खराब लाइफस्टाइल और गलत खानपान है। जब किडनी अपनी फिल्टर करने की क्षमता को कम कर देती है तो शरीर में यूरिक एसिड का लेवल बढ़ जाता है। इसलिए अगर समय रहते इस पर ध्यान न दिया जाए तो आप कई बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। ऐसे में दवाओं के अलावा कुछ घरेलू नुस्खों को भी अपनाकर आप यूरिक एसिड को कंट्रोल कर सकते हैं। ये घरेलू नुस्खा लौकी का है। जानिए लौकी किस तरह से यूरिक एसिड की मात्रा को शरीर में नियंत्रित करती है साथ ही जाने किस तरह से इसका सेवन करना फायदेमंद साबित हो सकता है।**




**लौकी करता है यूरिक एसिड कंट्रोल**

सेहत के लिए लौकी बेहद फायदेमंद होती है। इसमें विटामिन सी, बी और आयरन भरपूर मात्रा में पाया जाता है जो स्वास्थ्य के लिहाज से काफी अच्छा माना जाता है। लौकी हल्की होती है जिसके चलते इसके सेवन से पेट में भारीपन, भूख न लगना, लिवर और किडनी संबंधी समस्याओं में लाभकारी होता है। लौकी शरीर में बढ़े हुए यूरिक एसिड के लेवल को कंट्रोल करने में मदद करती है। लौकी डायबिटीज के मरीजों के लिए फ़ायदेमंद होती है। लौकी का जूस पीने से ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल करने में मदद मिलती है। लौकी में फ़ाइबर और पानी की मात्रा ज़्यादा होती है, जो डायबिटीज़ के मरीज़ों के लिए फ़ायदेमंद होती है। लौकी के कुछ और फ़ायदे।

**लौकी का सूप बनाने का तरीका-**

लौकी का सूप बनाने के लिए सबसे पहले लौकी को पानी से अच्छे से धो लें। उसके बाद लौकी को छिल लें और इसे महीन काट लें। अब कूकर में लौकी, थोड़ा पानी और नमक डाल दें। इसके बाद कूकर को बंद कर दें और 5-6 सीटी लगने दें। उसके बाद जब सीटी निकल जाए तो लौकी को हल्का सा मैश कर दें। अब एक पैन में एक चम्मच देसी घी डालें। इसके बाद इसमें आधा चम्मच जीरा डाल दें। उसके बाद तुरंत इसमें उबली हुई लौकी डाल दें। अब इसमें बाद स्वादानुसार नमक डालकर करीब 2 मिनट तक पकाएं। आप चाहें तो स्वाद के लिए इसमें थोड़ी सी काली मिर्च भी डाल सकते हैं। लीजिए तैयार है लौकी का सूप।



# बॉलीवुड फिल्मों के फ्लॉप होने पर विक्रम भट्ट ने दिए सुझाव

पिछले कुछ वक्त से बॉलीवुड में कई बड़ी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर धराशायी हो रही हैं। जिससे इंडस्ट्री में कहीं न कहीं परेशानी बनी हुई है। हर कोई इसका उपाय निकालने का प्रयास कर रहा है। अब निर्माता-निर्देशक विक्रम भट्ट ने इसको लेकर कुछ सुझाव दिए हैं और इसको कैसे सुधारा जा सकता है, इस पर अपने विचार रखे हैं। निर्देशक का कहना है कि हमें आम जनता की जरूरतों को पूरा करने की जरूरत है। हमें उस पर जोर देना चाहिए।

### विक्रम भट्ट ने की साउथ की तारीफ

हाल ही में एएनआई के साथ बातचीत में विक्रम भट्ट में इंडस्ट्री की हालत में सुधार लाने के लिए कुछ सुझाव देते हुए कहा, हर कोई आम जनता को भूल गया और खास फिल्मों की ओर चला गया। वहीं कोविड के दौरान से सिनेमाघरों में फिल्में देखने की दर्शकों की आदत गायब हो गई है। हमने बड़े पैमाने पर फिल्में बनाना बंद कर दिया। अगर आप साउथ की इंडस्ट्री को देखें, तो यह फल-फूल रहा है क्योंकि यह हमेशा बड़े पैमाने पर दर्शकों को अहमियत देता है। वे अभी भी सुपरहीरो देखना चाहते हैं, पुष्पा देखना चाहते हैं, कंतारा देखना चाहते हैं। वे अभी भी खलनायक को खलनायक मानते हैं, अभी भी सीटी बजाते हैं और ताली बजाते हैं। हम तो वैसी फिल्में बनाना भूल गए जिसे देखकर दर्शक सीटी और ताली बजाएं। ऐसी फिल्में बनानी चाहिए, जो जरूरी हों विक्रम भट्ट ने आगे फिल्म बनाते समय फिल्ममेकर्स को कुछ जरूरी बातों पर ध्यान देने के लिए सुझाव दिए हैं। उन्होंने कहा, हमें ऐसी फिल्में बनानी चाहिए जिनकी बहुत जरूरत हो। मैंने इसे हाल ही में सीखा है जब मेरी फिल्म 'तुमको मेरी कसम' नहीं चली। इसे बहुत अच्छी समीक्षाएं मिलीं। लेकिन यह इसलिए नहीं चली क्योंकि यह जरूरत वाली फिल्म नहीं थी। भले ही मेरी फिल्म नहीं चली। इसलिए, हमें ऐसी फिल्में बनानी होंगी जो जरूरी हों, फिल्म के नाम पर कुछ भी नहीं बनाना चाहिए। फिल्में इस तरह से बनाई जानी चाहिए कि लोग पहले दिन के पहले शो का बेसब्री से इंतजार करें।

### कंटेंट पर जोर देना चाहिए

निर्देशक ने आगे स्टारकास्ट की बजाय कंटेंट पर जोर देने का सुझाव देते हुए कहा, यह पूरी समस्या एक मिनट में हल हो सकती है अगर म्यूजिक कंपनियां, डिजिटल और सैटेलाइट कंपनियां यह संदेश देना शुरू कर दें कि हमें अच्छे गाने चाहिए, हमें अच्छी तस्वीरें चाहिए। अगर आप स्टारकास्ट को नहीं बल्कि अच्छी फिल्म को सपोर्ट करते हैं, तो निर्माता पर बोझ नहीं पड़ेगा। हमें कंटेंट पर जोर देना चाहिए, स्टारकास्ट पर नहीं।





# 'सुस्वागतम खुशामदीद' से बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं इसाबेल कैफ

## पुलकित सम्राट के साथ आएंगी नजर

बॉलीवुड में फिल्मी घराने से एक और एक्ट्रेस पदार्पण करने जा रही है। अभिनेत्री कटरीना कैफ की बहन इसाबेल कैफ की फाइनली बॉलीवुड में एंट्री हो गई है। इसाबेल और अभिनेता पुलकित सम्राट की फिल्म 'सुस्वागतम खुशामदीद' का टीजर जारी हो गया है। यह एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। जो मई में रिलीज होने वाली है।

### प्रेम कहानी में है ये बड़ा पेंच

टीजर से पता चलता है कि पुलकित सम्राट और इसाबेल कैफ की इस फिल्म की कहानी दो अलग-अलग धर्मों और अलग-अलग देशों से आने वाले किरदारों की कहानी है। जिसमें पुलकित सम्राट के किरदार का नाम अमन है जो भारत का है और इसाबेल के किरदार का नाम नूर है, जो संभवतः पाकिस्तान से आती है। टीजर से साफ है कि फिल्म की कहानी इसी मुद्दे पर आगे बढ़ेगी कि दो अलग-अलग धर्मों से आने के बावजूद इनकी प्रेम कहानी कैसे मुकम्मल होगी। जारी हुए टीजर में कोई डायलॉग नहीं है। सिर्फ बैकग्राउंड म्यूजिक के साथ दोनों कलाकारों का रोमांस नजर आ रहा है। फिल्म 16 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है।

फिल्म के टीजर को पुलकित सम्राट ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी साझा किया है। इस टीजर को साझा करते हुए पुलकित ने कैप्शन में लिखा है, दो आत्माएं, दो देश, एक प्रेम कहानी। सुस्वागतम खुशामदीद का टीजर हुआ जारी। इस फिल्म का निर्देशन धीरज कुमार ने किया है। 'सुस्वागतम खुशामदीद' से कटरीना कैफ की बहन इसाबेल कैफ बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं। हालांकि, उनके डेब्यू की चर्चाएं काफी लंबे वक्त से चल रही थीं। अब फाइनली उनकी पहली फिल्म रिलीज हो रही है। बता दें कि 'सुस्वागतम खुशामदीद' का इससे पहले पिछले साल अक्टूबर में भी एक टीजर जारी हुआ था। लेकिन उसके बाद ऐसा लगा था कि जैसे फिल्म ठंडे बस्ते में चली गई है। हालांकि, अब फिल्म का फिर से नया टीजर जारी हुआ है। जिससे फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्साह बढ़ गया है।



# फिर मर्दानी बनकर लौटेंगी रानी मुखर्जी, अगले साल फरवरी में रिलीज होगी मर्दानी 3

अभिनेत्री रानी मुखर्जी के फैंस के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। लंबे वक्त से चर्चाओं में बनी रानी मुखर्जी की फिल्म 'मर्दानी 3' को लेकर अब तक की सबसे बड़ी जानकारी सामने आई है। मेकर्स ने 'मर्दानी 3' से रानी मुखर्जी का पहला लुक और फिल्म की रिलीज डेट दोनों को जारी कर दिया है। जिसके बाद अब फैंस एक बार फिर रानी मुखर्जी को शिवानी शिवाजी रॉय की दमदार भूमिका में देखने के लिए उत्साहित हैं।

रानी मुखर्जी एक बार फिर धाकड़ और साहसी पुलिस अधिकारी शिवानी शिवाजी रॉय के रूप में बॉक्स ऑफिस पर अपना दबदबा बनाने को तैयार हैं। फिल्म के मेकर्स ने आज रानी मुखर्जी की 'मर्दानी 3' का पहला लुक और रिलीज डेट दोनों की घोषणा करते हुए इंस्टाग्राम पर इसको लेकर जानकारी दी है। फिल्म के मेकर्स यशराज फिल्म्स की ओर से साझा किए गए फर्स्ट लुक में रानी मुखर्जी काले रंग की शर्ट और नीली जींस पहने हाथों में बंदूक लिए काफी इंटेंस लुक में नजर आ रही हैं। इस तस्वीर को साझा करते हुए वाईआरएफ की ओर से कैप्शन में लिखा गया, मर्दानी 3 के लिए उल्टी गिनती शुरू। होली पर अच्छाई बुराई से लड़ेगी, क्योंकि शिवानी शिवाजी रॉय 27 फरवरी, 2026 को बड़े पर्दे पर वापसी कर रही हैं। बता दें कि साल 2026 में 4 मार्च को होली का त्यौहार होने वाला है। इससे पहले शुक्रवार यानी कि 27 फरवरी को रानी मुखर्जी एक बार फिर शिवानी शिवाजी रॉय के रूप में सिनेमाघरों में एंट्री करेंगी।

### सात साल बाद लौटेगी 'मर्दानी'

'मर्दानी 3' रानी मुखर्जी की साल 2014 में आई 'मर्दानी' की तीसरी कड़ी है। इससे पहले 2019 में 'मर्दानी 2' सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। पिछली दोनों ही फिल्मों को दर्शकों और क्रिटिक्स की सकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिली थीं और बॉक्स ऑफिस पर भी इन फिल्मों को पॉजिटिव रिस्पॉन्स ही मिला था। अब 'मर्दानी 3' से मेकर्स एक बार फिर उसी तरह की उम्मीद कर रहे हैं।

शिवानी शिवाजी रॉय का सफर साल 2014 में शुरू हुआ था। जब फिल्म 'मर्दानी' सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। रानी मुखर्जी पहली बार इस तरह के किरदार में नजर आई थीं। फिल्म को लोगों की अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। 'मर्दानी' ने भारत में कुल 48.11 करोड़ का कारोबार किया था। जो अपने बजट से काफी ज्यादा था।

### अच्छा था 'मर्दानी 2' का कलेक्शन

'मर्दानी' के लगभग पांच साल बाद फिल्म का अगला पार्ट 'मर्दानी 2' के नाम से रिलीज हुआ। इसमें एक बार फिर रानी मुखर्जी शिवानी शिवाजी रॉय के किरदार में नजर आईं। 'मर्दानी' की ही तरह 'मर्दानी 2' ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। 'मर्दानी 2' ने इंडियन बॉक्स पर कुल 57 करोड़ रुपए का कारोबार किया था। फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों की सकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिली थीं।

# इन फिल्मों का सीक्वल लाने की तैयारी में रोहित शेट्टी



रोहित शेट्टी एक हिट फिल्ममेकर हैं। उन्होंने 2011 में सिंघम से कॉप यूनिवर्स की शुरुआत की। इसके बाद सिंघम रिटर्न्स, सिम्बा, सूर्यवंशी और सिंघम अगेन आई। सिंघम अगेन के बाद उन्होंने हाल ही में नए सीक्वल्स की बात की। रोहित ने गेम चेंजर्स शो में बताया कि सिम्बा 2 और सूर्यवंशी की अगली फिल्म भी बनेगी ।उनकी प्लानिंग पहले से तैयार है। रोहित ने कहा कि जब सिंघम बनी थी, तब यूनिवर्स का आइडिया नहीं था, लेकिन सिम्बा लिखते समय यह सोचा गया कि इसे यूनिवर्स बनाया जाए। इसी के साथ सूर्यवंशी की भी प्लानिंग शुरू हुई। उन्होंने बताया कि ये सब पहले से सोच-समझकर किया गया था। सूर्यवंशी की शूटिंग के दौरान ही सिंघम अगेन का आइडिया आया। किरदारों को कैसे जोड़ा जाएगा, ये पहले से प्लान था। सिंघम अगेन में कई सितारे शामिल हुए थे। फिल्म में अजय देवगन, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह जैसे स्टार्स के साथ दीपिका और टाइगर भी थे।

रोहित शेट्टी अब अपने कॉप यूनिवर्स को और बड़ा बनाना चाहते हैं। वह दर्शकों के लिए नई फिल्में, नए किरदार और और भी धमाकेदार कहानियां लाने वाले हैं।

# रजनीकांत स्टारर कुली के लिए श्रुति हासन ने शुरू की डबिंग



रजनीकांत स्टारर अपकमिंग फिल्म कुली की शूटिंग पूरी करने के बाद अभिनेत्री श्रुति हासन फिल्म की डबिंग के लिए जुट चुकी हैं। लोकेश कनगराज के निर्देशन में बनी इस ड्रामा के लिए पोस्ट-प्रोडक्शन का काम जोरों पर है। हाल ही में, कन्नड़ अभिनेता उपेंद्र ने पहली बार पुष्टि की कि कुली में उनके और रजनीकांत के साथ कॉम्बिनेशन सीन हैं। निर्देशक लोकेश कनकराज की बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म 'कुली' की रिलीज डेट का निर्माताओं ने हाल ही में ऐलान किया। निर्माताओं ने बताया कि फिल्म इस साल 14 अगस्त को दुनियाभर में रिलीज होगी। फिल्म का निर्माण करने वाले प्रोडक्शन हाउस सन पिक्चर्स ने एक्स के जरिए यह घोषणा की। इसमें लिखा, कुली 14 अगस्त से दुनियाभर में रिलीज होगी। कुली एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसमें रजनीकांत, श्रुति हासन के साथ तेलुगू स्टार नागार्जुन, कन्नड़ स्टार उपेंद्र, सोबिन शाहिर और सत्यराज जैसे बड़े कलाकार नजर आएंगे। बॉलीवुड स्टार आमिर खान भी इस फिल्म में कैमियो करते नजर आएंगे। हालांकि, निर्माताओं ने अभी तक इस अटकल की पुष्टि नहीं की है। फिल्म में रेबा मोनिका जॉन और जूनियर एमजीआर भी प्रमुख भूमिका में हैं। इसके साथ ही हाल ही में अभिनेत्री पूजा हेगड़े की भी एंट्री हुई है। सन पिक्चर्स ने फिल्म का निर्माण किया है। कुली का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर ने तैयार किया है।

इस फिल्म ने कई कारणों से लोगों की दिलचस्पी जगाई है। उनमें से एक यह है कि इस फिल्म में अभिनेता सत्यराज और रजनीकांत लगभग 38 साल बाद एक साथ काम करते हुए नजर आएंगे।



# पहली बार सीन करते हुए टांगें कांप रही थीं

**पाताल लोक के बेबस पुलिस वाले तो राजी के सख्त ट्रेनर, जाने जां के जीनियस सीक्रेट प्रेमी तो महाराज के ढकोसले बाज बाबा... एक्टर जयदीप अहलावत हर भूमिका के साथ बॉलीवुड में अपनी धाक मजबूत करते जा रहे हैं। इन दिनों वह अपनी फिल्म ज्वेल थीफ- द हीस्ट बिगिंस को लेकर चर्चा में हैं, जिनमें उनके डांस ने धूम मचाई हुई है।**

हमेशा अपनी अदाकारी के लिए वाहवाही बटोरने वाले एक्टर जयदीप अहलावत इन दिनों अपने एक और हुनर से दर्शकों का दिल लूट रहे हैं और वह टैलेंट है डांस। अपकमिंग फिल्म ज्वेल थीफ के गाने जादू में जयदीप के डांस का जादू लोगों के सिर चढ़कर ऐसा बोल रहा है कि वह खुद हैरत में हैं। उनका कहना है कि दर्शकों के लिए उनका डांस करना भले ही अचरज की बात हो, मगर डांस से उनका रिश्ता पुराना है।

### बड़े डांस मुकाबले जीते हैं

बकौल जयदीप, मैंने सच में सोचा नहीं था कि यह डांस (फिल्म ज्वेल थीफ के गाने जादू पर डांस) इतना चर्चित हो जाएगा। लोगों का ऐसा रिएक्शन शायद इसलिए आया है, क्योंकि मैंने पर्दे पर डांस नहीं किया था और अचानक मुझे यह अहसास हुआ कि बतौर एक्टर मेरी बहुत ज्यादा सीरियस इमेज है। वरना, मुझे जानने वालों को पता है कि मैं डांस करता रहा हूं। मैं बहुत डांस कॉम्पिटिशन में भी नाचा हूं। हमारे रोहतक, हरियाणा में जो डांस कॉम्पिटिशन होते हैं, उनमें तीन साल तक लगातार हिस्सा लिया और फर्स्ट प्राइज, सेकेंड प्राइज सब जीता है।

### डरावना था पहली बार कैमरे का सामना

जयदीप ने हमसे एक्टिंग की ओर रुझान, पहले सीन का अनुभव और मौजूदा स्टारडम पर भी बात की। पहली बार कैमरे के आगे सीन करते की यादों पर वह बताते हैं, वैसे तो स्नअद्धद्ब में मैंने कई बार कैमरे का सामना किया था, पर कमर्शियली पहली बार कैमरे के सामने आया फिल्म आक्रोश में। प्रियदर्शन सर डायरेक्टर थे और वह बहुत डरावना था। आपको लगता है कि आप पूरी तरह तैयार हैं, मगर जिस दिन आप सच में काम शुरू करते हैं, असलियत तब पता चलती है। वह तो भगवान का शुक्र है कि हमने बहुत खुले-खुले से पजामे पहने हुए थे, नहीं तो टांगे कांपती दिखाई देतीं। मैं कसम से बता रहा हूं, पूरा शरीर कांप रहा था।

### गरीबी में बनी थी गैंग्स ऑफ वासेपुर

अनुराग कश्यप की फिल्म गैंग्स ऑफ वासेपुर में शाहिद की भूमिका से चर्चा में आए जयदीप उन दिनों की यादें भी ताजा करते हैं। वह बताते हैं, तब किसी को अंदाजा नहीं था कि वह फिल्म ऐसा कमाल करेगी। बस ये था कि अच्छी कहानी है, तो इसका हिस्सा बनते हैं। बहुत ही उत्साह और बहुत ही गरीबी में वो फिल्म बनाई गई थी। किसी ने उस फिल्म को बजट नहीं दिया और किसी को अंदाजा नहीं था कि वह फिल्म ऐसी बनेगी। मगर जब वो रिलीज हुई तो एक ही हफ्ते में सबको समझ में आया कि ओह, ये थोड़ी ज्यादा फट गई है, मगर बहुत अच्छा अनुभव था। हम सब नए थे। पहला काम था तो कोई प्रेशर नहीं है। जो समझ में आया, वो कर दिया।

### बॉन्डिंग का श्रेय सैफ को



फिल्म ज्वेल थीफ के इवेंट्स पर को-स्टार सैफ अली खान के साथ जयदीप की अच्छी बॉन्डिंग दिखी। वहीं, इससे पहले करीना कपूर भी कह चुकी हैं कि स्नअद्धद्ब से पढ़े होने के चलते सैफ उनकी एक्टिंग की बहुत कद्र करते हैं। इस बारे में जयदीप ने कहा, मुझे लगता है कि सैफ सभी की इज्जत करते हैं, वो चाहे एक्टर हों या तकनीशियंस। वह कमाल के इंसान है। हमारी बॉन्डिंग का बड़ा श्रेय उनको जाता है, क्योंकि वह इस तरह के इंसान हैं जो बहुत जल्द आपको एक कंफर्ट जोन में लेकर आते थे । फिर जब ऐसा लगता है कि हां, उनके साथ वो स्पेस है कि आप भी खुल पाते हैं, पर यह श्रेय उनको जाता है।

# जनपद में सख्ती से लागू होगा 'नो हेलमेट नो फ्यूल' अभियान

## स्कूली वाहनों का फिटनेस न होने पर लें कड़ा एक्शन : डीएम



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जनपद में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़ी कई अहम रणनीतियाँ तय की गईं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सभी दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट और चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

'नो हेलमेट, नो फ्यूल' अभियान को जिले में सख्ती से लागू करने का निर्णय लिया गया। इसके तहत बिना हेलमेट पहनने वाले दोपहिया चालकों को पेट्रोल पंपों से ईंधन नहीं मिलेगा। साथ ही, बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के किसी भी सरकारी, गैर-सरकारी दफ्तर, विश्वविद्यालय और अन्य संस्थानों में प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।

बैठक में जिलाधिकारी ने ब्लैक स्पॉट कम करने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए। अवैध कटों को भी अविलंब दुरुस्त करने के निर्देश डीएम ने दिए।

स्कूल वाहनों की फिटनेस सुनिश्चित करने पर भी विशेष ध्यान दिया गया। डीएम ने कहा कि परिवहन विभाग शिक्षा विभाग के साथ समन्वय कर स्कूल बसों और अन्य विद्यालय वाहनों की फिटनेस तथा चालकों की स्वास्थ्य जांच अनिवार्य रूप से कराएं। बिना फिटनेस के कोई भी स्कूली वाहन सड़क पर नहीं चलना चाहिए।यातायात नियमों के पालन के लिए गांव-गांव जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए। डीएम ने कहा कि ग्राम पंचायत बैठकों, स्वास्थ्य कर्मियों और आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक किया जाए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) मंगलेश दुबे, एसीपी ट्रैफिक शकील अहमद, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी डॉ. उदित नारायण पांडेय, लोक निर्माण विभाग के अभियंता, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बस/ट्रक यूनियन व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी तथा गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# दो अवैध ईंट भट्ठों पर चला प्रशासन का चाबुक



**नोएडा ( चेतना मंच )।** डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में जनपद में कुछ अवैध ईट भट्ठों के विरुद्ध जिला खनन अधिकारी, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, फायर, नायब तहसीलदार सदर एवं संबंधित थाने की पुलिस के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा मेसर्स लक्ष्मी ब्रिक फील्ड ग्राम महमदपुर, मेसर्स जय बाबा मोहन राम ईट उद्योग ग्राम डाकवाला व मेसर्स भानू ईट उद्योग झांझर रोड, अस्मानपुर कोठी ग्रेटर नोएडा में संचालित अवैध ईट भट्ठों का औचक निरीक्षण किया गया।

जिला खनन अधिकारी ने बताया कि उक्त क्षेत्र में निरन्तर ईट भट्ठों के विरूद्ध आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर शिकायत प्राप्त हो रही थी, जिसके फलस्वरूप कार्यवाही की गयी है। जहॉ मौके पर दो भट्टें संचालित व एक भट्ठा मेसर्स जय बाबा मोहन राम ईट उद्योग ग्राम डाकवाला बन्द पाया गया। मौके पर अगिनशमन दल को बुलवाकर दोनो भटठों की आग बुझाकर संचालन बन्द कराया गया तथा कच्ची ईटों को तोडा गया। ईट भट्ठा स्वमियों द्वारा विनियमन शुल्क जमा नही किया गया था और न ही प्रदूषण विभाग से अनापत्ति प्राप्त की गयी थी। उन्होंने बताया गया कि अवैध भट्ठों के संचालन से न केवल सरकारी राजस्व की हानी होती है अपितु इससे खनन को भी बढ़ावा मिलता है और प्रदूषण भी होता है। जिला खनन अधिकारी ने बताया कि आगे भी जिलाधिकारी के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा औचक रूप से ईंट भट्टो का निरीक्षण किया जाएगा।

# ग्रेटर नोएडा में फिल्म फुले का सपाईयों ने बुक कराया पूरा शो



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** समाजवादी पार्टी ने फिल्म फुले का पूरा शो अपने कार्यकर्ताओं के लिए बुक कराया है। आज पार्टी के कार्यकर्ता इस फिल्म को हॉल में देखेंगे।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता व वरिष्ठ नेता राजकुमार भाटी ने बताया कि पार्टी ने अपने कार्यकर्ताओं को फुले मूवी दिखाने के लिए आज पीवीआर सिनेमा का एक पूरा शो बुक किया है। समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने बताया कि फुले मूवी 19वीं शताब्दी में महात्मा ज्योतिबा फुले और उनकी पत्नी राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले द्वारा सामाजिक बुराइयों के खिलाफ किए गए संघर्षों पर आधारित है । बीटा दो स्थित कनॉट प्लेस मॉल पीवीआर सिनेमा में आज दोपहर 12 बजे पूरा शो समाजवादी पार्टी ने बुक किया है । इस शो में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता देखेंगे। मूवी देखने के लिए महिलाओं, दलितों और पिछड़ों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

# सेक्टर-78 में 'एक राष्ट्र एक चुनाव' पर जन संवाद

## 4 मई को नोएडा स्टेडियम में क्रॉस कंट्री दौड़ होगी



**नोएडा ( चेतना मंच )।** हाइड पार्क अपार्टमेंट्स, सेक्टर-78, नोएडा में सामाजिक संगठनों और निवासियों के साथ मिलकर 'वन नेशन, वन इलेक्शन' पर एक शानदार जन संवाद हुआ।

इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी सतीश शर्मा, भाजपा नोएडा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान, संयोजक श्रीमती डिम्पल आनंद, सह-संयोजक अशोक मिश्रा की विशेष भूमिका रही। इस दौरान घोषणा की गई कि 4 मई 2025 7 सुबह 6 बजे 7 नोएडा स्टेडियम से शानदार क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया जाएगा। जिसमें संयोजक सुचित्रा पाठक कक्कड़,सह-संयोजक अर्पित मिश्रा, भूपेश चौधरी की विशेष भूमिका रहेगी। कार्यक्रम में राम किशन यादव (श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल अध्यक्ष),गोपाल गौड़ और कई अन्य गणमान्य नागरिकगण मौजूद रहे।

# जिम्स में मरीजों को 10 रूपए में मिलेगा भरपेट भोजन

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा में भर्ती मरीजों के तीमारदारों के लिए भोजन की विशेष व्यवस्था शुरू की गई है। जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा ने 'धन्वन्तरि अन्नपूर्णा केन्द्र' का विधिवत शुभारंभ किया। इस पहल से अब संस्थान में भर्ती मरीजों के साथ आए तीमारदारों को मात्र 10 रूपये में स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध होगा। आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर तीमारदारों को निःशुल्क भोजन भी प्रदान किया जाएगा। संस्थान के निदेशक ब्रिगेडियर (डॉ.) राकेश गुप्ता ने जानकारी दी कि अब तक मरीजों के लिए तो भोजन व्यवस्था थी, लेकिन तीमारदारों को भोजन के लिए बाहर असुरक्षित भोजन स्थलों पर निर्भर रहना पड़ता था। कई बार इन्हें भूखा भी रहना पड़ता था, जिससे उनकी सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता था। इस आवश्यकता को देखते हुए धन्वन्तरि सेवा न्यास द्वारा अन्नपूर्णा केन्द्र की शुरुआत की गई है।




धन्वन्तरि सेवा न्यास प्रदेश में चिकित्सा क्षेत्र में सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है और अब ग्रेटर नोएडा संस्थान में भी अपनी सेवाएं देगा। इस केन्द्र के प्रमुख संचालक प्रणब शर्मा रहेंगे, जो अपनी टीम के साथ प्रतिदिन सुबह 11 बजे से भोजन व्यवस्था संचालित करेंगे। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि इस व्यवस्था की लंबे समय से जरूरत थी। अब मरीजों के तीमारदारों को समय पर स्वच्छ एवं सुरक्षित भोजन उपलब्ध होगा, जिससे वे पूरी तन्मयता से अपने मरीजों की देखभाल कर सकेंगे। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान ग्रेटर नोएडा के 06 पैरामेडिकल छात्रों एवं 02 नर्सों को आयोजित कार्यक्रम में टैबलेट-स्मार्टफोन का वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सौरभ श्रीवास्तव, संकायाध्यक्ष प्रशासन डॉ. सौरभ श्रीवास्तव तथा चिकित्सा अधीक्षक डॉ. (कर्नल) ब्रज मोहन सहित स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा व विष्णु महायज्ञ शुरू



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-82 स्थित प्राचीन तपोभूमि ब्रम्हचारी कुटी में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा एवं श्री विष्णु महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। कलश पूजन के उपरांत बैंड बाजा के साथ कलश यात्रा निकाली गई। बैंड पर बज रहे भक्ति गीतों की धुन पर नाचते गाते भक्तों ने कलश यात्रा पूर्ण की।

कलश यात्रा ब्रम्हचारी कुटी से सेक्टर-82 के पॉकेट-12, पॉकेट-7, एलआईजी, एमआईजी सेक्टर -93 एस के प्रथम, गेझा गांव होती हुई पुनः कथा स्थल पहुंची। कलश यात्रा के उपरांत यज्ञ कुंड में अग्नि स्थापित की गई। यज्ञाचार्य पंडित मनोहर दीक्षित द्वारा वैदिक रीति से पूजन कर मंत्रोच्चार के बीच भगवान विष्णु को प्रसन्न करने के लिए आहुतियां डाली गईं।

कथा व्यास आचार्य अमित दीक्षित ने पहले दिन की कथा का वर्णन करते हुए श्रीमद्भागवत महापुराण की महिमा को भक्तों को सुनाया। जन्म जन्मांतर के पुण्यों का जब उदय होता है तो हमें श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण का सौभाग्य प्राप्त होता है। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य राघवेंद्र दुबे ने बताया कि 29 अप्रैल को भीष्म स्तुति, कुंती स्तुति, परीक्षित जन्म आदि कथाओं का वर्णन किया जाएगा।

इस अवसर पर महंत ओम भारती, कुटी व्यवथपक विकास भारती, फलाहारी महाराज, सहदेव त्यागी, शिववृत तिवारी, रवि राघव, गोरे लाल, अशोक कुमार, विष्णु शर्मा, गोपेश पाण्डेय, सुमित दीक्षित, रमेश चंद शर्मा, सतपति सहित तमाम भक्त मौजूद रहे।

# विकसित भारत 2047 मिशन में स्टार्टअप अहम : रामकृष्णन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** एमिटी विश्वविद्यालय में एसोचैम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक विशेष परिचर्चा सत्र आयोजित किया गया, जिसमें एसोचैम के अतिरिक्त निदेशक और आईपीआर प्रमुख नाहिद आलम, आईपी सुविधा केंद्र के सलाहकार विजय कुमार शिवपुजे, सहायक निदेशक यशपाल और क्वालकॉम के प्रौद्योगिकी लाइसेंसिंग प्रभाग में इंजीनियरिंग के उपाध्यक्ष श्री राम कृष्णन ने अपने विचार रखे।

बौद्धिक संपदा अधिकारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए क्वालकॉम के प्रौद्योगिकी लाइसेंसिंग प्रभाग में इंजीनियरिंग के उपाध्यक्ष राम कृष्णन ने कहा कि छात्रों को यह सोचना चाहिए कि उनके रचनात्मक विचार को कैसे लाभदायक व्यावसायिक प्रस्ताव में बदला जा सकता है। बौद्धिक संपदा अधिकारों की शिक्षा बेहद महत्वपूर्ण है और छात्रों को पता होना चाहिए कि अपने नवाचारों की रक्षा कैसे करें, चाहे वह उत्पाद हो या सेवाएँ, ताकि कोई भी उनकी नकल न कर सके। विकसित भारत 2047 के मिशन के तहत, स्टार्टअप को सरकार से बहुत समर्थन मिल रहा है और व्यवसाय तेजी से बढ़ रहे हैं। जब छात्र उद्यमी बनते हैं और अपना खुद का उद्यम शुरू करते हैं, तो उन्हें अपने उत्पादों या प्रौद्योगिकियों के लिए पेटेंट दाखिल करना चाहिए। उन्हें प्रौद्योगिकियों को उद्योगों में स्थानांतरित करने का भी लक्ष्य रखना चाहिए।

एसोचैम के आईपीआर प्रमुख, अतिरिक्त निदेशक नाहिद आलम ने कहा कि एसोसिएटेड चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) 1920 से भारत का सर्वोच्च राष्ट्रीय चैंबर है, जिसके सदस्य पूरे देश में विभिन्न उद्योगों से हैं, जो भारत की आर्थिक वृद्धि और वैश्विक उपस्थिति में योगदान करते हैं।



बौद्धिक संपदा अधिकार हमारे लिए महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक है, हम इनोवेटर्स को सलाह देते हैं और हर कदम पर उनका साथ देते हैं।

एमिटी की शोध पहलों का अवलोकन करते हुए एमिटी साइंस टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. डब्ल्यू. सेल्वामूर्ति ने कहा कि एमिटी विश्वविद्यालय में अनुसंधान और नवाचार मुख्य फोकस क्षेत्र है। विश्वविद्यालय ने 2500 से अधिक पेटेंट दायर किए हैं और 30 से अधिक प्रौद्योगिकियों को उद्योगों को हस्तांतरित किया गया है।

